(ख) इस बाढ से प्रभावित कृषकों को कितनी और किस प्रकार की सहायता दी गई है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) 19 मार्च, 1978 को यमुना नदी के जल-स्तर के अचानक ऊचा हो जाने के कारण दिल्ली में बेला एस्टेट के निकट लगभग 41 5 हैक्टेयर नदी-भूमि के जल-मग्न होने की सूचना मिली है । इससे वहा पर उगी लगभग 2 45 लाख रुपए की सब्जी नष्ट हो गई ।

(ख) दिल्ली प्रशासन ने 115 प्रभावित व्यक्तियों में सवितरण के लिए 11,500 रुपये की मुफ्त सहायता की मजूरी दी है ।

सिक्किम में सेब और नाशपाती के बाग लगाना

7811. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सिक्किम के उन क्षेत्रों में बढिया किस्म के सेब और नाशपाती के पौधे लगाने की सरकार की कोई योजना है, जहां ये फल बहुतायत में होते है और

(ख) यदि हां तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और यह योजना कब तक लागू की जायेगी ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) (क) भारत सरकार की इस प्रकार की कोई योजना नहीं है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता ।

मध्य प्रदेश के कुछ चीनी मिलों पर गन्ने की बकाया राशि

7812. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** (क) क्या मध्य प्रदेश के पाच चीनी मिलों जावरा महीदपुर, सिहोर केलम दालहा और डबरा ने वर्ष 1975–76 1976–77 और 1977-78 में उन्हें दिये गये गन्ने का मूल्य गन्ना उत्पादकों का अभी तक नहीं दिया है ,

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक उत्पादक की प्रत्येक मिल पर कितनी राशि बकाया है, और

(ग) क्या गन्ने के मूल्य का गन्ना उत्पादकों का भुगतान करते समय उनसे इसके लिए कमीशन मागा जाता है ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) और (ख) एक विवरण सलग्न

है, जिसमें मध्य प्रदेश की सभी 6 चीनी फैक्ट्रियों के प्रति 31-3-78 को गन्ने के मूल्य के बकायों की स्थिति का ब्योरा दिया गया है।

(ग) केन्द्रीय सरकार ने इस प्रकार की कोई शिकायत नहीं देखी है। तथापि, राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और प्राप्त होने पर उसे सभा के पटल पर रख दिया जाएगा।

विवरण

फैक्ट्री का नाम	1977-78 मौसम के दौरान 31-3-78 तक खरीदे गये गन्ने के मूल्य की कुल बकाया राशि (लाख रुपयों में)	31-3-78 तक दिया गया कुल मूल्य (लाख रु० में)	31-3-78 को गन्ने के मूल्य की बकाया राशि (लाख रु० में)	मौसम के दौरान खरीदे गए गन्ने के मूल्य की 31-3-78 को बकाया राशि	
				1976-77 (लाख रु० में)	1975-76 और उससे पहले (लाख रु० में)
डबरा	142.60	101.68	40.92	0.01	0.19
दतौदा	69.21	43.06	26.15	0.08	—
महीदपुर	47.26	24.03	23.23	—	—
मिहोर	105.36	58.97	46.39	0.06	0.07
जावरा	102.42	62.66	39.76	0.76*	0.03*
मरैना	105.80**	64.25**	41.55**	0.01**	—

* 22-12-77 को

** 15-3-78 को स्थिति

गुजरात के लिए सिंचाई योजनाओं की स्वीकृति

7813. **श्री धर्मसिंहभाई पटेल :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मार्च, 1978 को गुजरात की भादर राजकोट बड़ी सिंचाई योजना और फूलझार (बेगू), मिति मध्यम सिंचाई योजनाओं की स्वीकृति के बारे में क्या स्थिति थी ;

(ख) प्रत्येक मामले में इन योजनाओं की स्वीकृति किस किस तारीख को दी गई और किन योजनाओं की स्वीकृति अब तक नहीं दी गई है और इसके क्या कारण हैं ;

(ग) जिन योजनाओं की स्वीकृति अब तक नहीं दी गई है उनकी स्वीकृति कब तक दी जायेगी ; और

(घ) इन योजनाओं पर योजनावार कितनी धनराशी खर्च की जायेगी और उन से कितने भू-क्षेत्र की सिंचाई होगी ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) से (ग) फूलजार-II मध्यम सिंचाई स्कीम योजना आयोग द्वारा 11 अप्रैल, 1978 को अनुमोदित की गई है।

भादर (राजकोट), वेनु-II और मित्ती स्कीमों के सम्बन्ध में केन्द्रीय जल आयोग की टिप्पणियां गुजरात सरकार को भेजी गई है जिनके उत्तर अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। राज्य सरकार के उत्तरों के प्राप्त हो जाने पर ही इन स्कीमों को प्रोसेस करने के लिए और आगे कार्यवाही की जा सकती है।

(घ) इन स्कीमों की लागत और लाभ नीचे दिए गए हैं —

	स्कीम का नाम	अनुमानित लागत (लाख रुपये)	लाभ (हैक्टेयर)
	1	2	3
बृहद			
	भादर	417 29	17162
मध्यम	फूलजार II	38 65	688
	वेनु II	281 92	5520
	मित्ती	120 711	1070

मार्च 1978 के अन्त तक फूलजार-II स्कीम पर 31 59 लाख रुपये खर्च किए जाने की सम्भावना थी। इस स्कीम के 1978-79 तक पूरा हो जाने की सम्भावना है। राज्य सरकार ने 1978-79 के लिए वेनु II और मित्ती स्कीमों के लिए क्रमश 75 लाख रुपये और 50 लाख रुपये के परिव्यय की परिकल्पना की है बशर्ते कि योजना आयोग द्वारा इनका अनुमोदन कर दिया जाए। भादर (राजकोट) बृहद सिंचाई स्कीम के लिए 1978-79 के लिए धन की व्यवस्था नहीं की गई है। बाद के वर्षों के परिव्यय के सम्बन्ध में निर्णय, इन वर्षों की वार्षिक योजनाओं पर विचार-विमर्श के समय किया जाएगा।

Assistance for outdoor stadia in Porbandar and Junagadh (Gujarat)

7814 SHRI DHARMASINHBHAI PATEL Will the Minister of EDUCATION SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to refer to the reply given to Starred Question No 182 on 28th November, 1977 regarding assistance for outdoor stadia in Porbandar and Junagadh (Gujarat) and state

(a) whether the Central Government propose to give Rs 1 00,000 out of the total estimate outlay of Rs 2,69 805 for Outdoor Stadia in Porbandar city of Saurashtra region in Gujarat and Rs 1 lakh out of the total estimated outlay of Rs 2,60,500 for Junagadh Stadia to the Government of Gujarat during the financial year 1978-79, and

(b) if so, when this amount of Rs 2 lakhs for these two stadia will be

given to the Government of Gujarat and if this amount will not be given, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (SHRI DHANNA SINGH GULSHAN): (a) and (b). These proposals will be considered along with other similar proposals received or to be received from the other State Governments/Union Territory Administrations/State Sports Councils by the end of July 1978, for consideration during 1978-79, in accordance with the order of priorities laid down by the All India Council of Sports for these projects. If approved by the Government in consultation with the All India Council of Sports, the maximum assistance from Government admissible on a matching basis for either of the two projects will be Rs. One lakh. A decision in the matter will be taken in the course of the financial year 1978-79.

आवास तथा नगरीय विकास निगम (हुडको) द्वारा कम लागत के मकानों का निर्माण

7815. **श्री धर्म सिंह भाई पटेल :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आवास तथा नगरीय विकास निगम ने ग्रामीण क्षेत्रों में 4000 रुपये से कम की लागत के मकानों का निर्माण करने की एक योजना बनाई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) विभिन्न श्रेणियों के जिन मकानों का निर्माण करने का प्रस्ताव है, उन पर कितनी लागत आएगी ;

(ग) गुजरात के ग्रामीण क्षेत्र में इस योजना के अन्तर्गत मकानों का निर्माण करने के लिए 31 मार्च, 1978 तक किन एजेंसियों को स्वीकृति दी गई थी, और

(घ) क्या आवास तथा नगरीय विकास निगम ने हरी ओम आश्रम ट्रस्ट, नडियाद के साथ मिलकर कोई योजना बनाई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) जी, हां। योजना के ब्यौरे इस प्रकार है :—

(i) इसमें आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों से सम्बन्धित परिवारों के लिए रिहायशी मकानों के निर्माण की व्यवस्था है।

(ii) हुडको की वित्तीय सहायता प्रत्येक रिहायशी एकक की कुल लागत का 50 प्रतिशत तक सीमित है।

(iii) ऋण पर 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की प्रभावी दरें लगेंगी।

(iv) हुडको द्वारा प्रथम किस्त देने की तारीख से दस वर्ष के भीतर ऋण की पुनः अदायगी की जानी है :

(v) ऋण सहायता राज्य सरकारों द्वारा नामित अभिकरणों को उपलब्ध है।

(ख) हुडको द्वारा अब तक स्वीकृत विभिन्न आवास एककों की लागत 2255 रुपये से 4000 रुपये के बीच है।

(ग) गुजरात राज्य में, गुजरात ग्रामीण आवास बोर्ड की तीन योजनायें स्वीकृत की गई थी। इनमें 6000 रिहायशी एककों के लिए 87.6 लाख रुपये की ऋण राशि के खर्चे का अनुमान है।

(घ) जी, हां। हुडको ने हरी ओम आश्रम ट्रस्ट, नडियाद, गुजरात के साथ संयुक्त रूप से, ग्रामीण आवास के लिए वास्तविक

परियोजना द्वारा सर्वोत्तम डिजाइन प्रदर्शित करने के लिए एक अखिल भारतीय ग्रामीण आवास प्रतियोगिता की घोषणा की है। इस योजना के लिए नकद पुरस्कार इस प्रकार हैं —

	रुपये
प्रथम पुरूस्कार	25,000
द्वितीय पुरूस्कार	15,000
तृतीय पुरूस्कार	10,000

प्रतियोगिता उन सभी अधिकरणों के लिए खुली है जो ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों के निर्माण के लिए हुडको से ऋण लेने के पात्र हैं :

जल-विकास के लिए नियतन

7816. **श्री सुरेन्द्र सुमन :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में ऊपरी जल-विकास के लिए गत तीन वर्षों के दौरान कितनी निधि का नियतन किया गया ;

(ख) क्या उक्त समूची राशि का उपभोग कर लिया गया था ; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) जल-निकास के लिए 1975-76 में 170 लाख रुपये और 1976-77 तथा 1977-78 में से प्रत्येक वर्ष 200 लाख रुपये के परिव्यय का अनुमोदन किया गया था।

(ख) और (ग) . 1975-76 और 1976-77 में वास्तविक व्यय क्रमश: 200 लाख रुपये और 205 लाख रुपये हुआ। 1977-78 में 200 लाख रुपये व्यय होने की संभावना है।

Krishi Vigyan Kendras and Trainees Training Centres in M.P.

7817. SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to refer to reply given to USQ No. 4246 on 27-3-1978 regarding Krishi Vigyan Kendra and state:

(a) the names of the places proposed in Madhya Pradesh for establishing new Krishi Vigyan Kendras and Trainees Training Centres in the State; and

(b) the criteria for selecting the places for establishing these Kendras and Centres and time by which the approval of the Government of India is likely to be accorded?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) Three proposals have been received for establishing new Krishi Vigyan Kendras in Madhya Pradesh. Two proposals have been received from Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya one for establishing a Krishi Vigyan Kendra at Kumaraband (Jagdalpur) in Bastar District and the other at Dindori District Mandla. The Third one is from Bhartiya Admjati Sevak Sangh for the establishment of Krishi Vigyan Kendra for tribal farmers of vanvasi Dham, Maharajpur, Mandla District. No new proposal has been received for the establishment of Trainers Training Centre in Madhya Pradesh.

(b) The following criteria have been generally used for selecting the locations for Krishi Vigyan Kendras:

(i) Comparatively backward district of the State, with majority of Small farmers, tribal people and backward classes;

(ii) Draught and flood prone areas;

(iii) Hilly areas.

(iv) The proposal is duly recommended by the State Government as

well as by the Agricultural University in the State to serve a particular agroclimatic zone or region.

(v) The location is recommended by the Visiting Team appointed by the ICAR

(vi) Comparatively high production potential of the area and therefore high need for skill training for farmers, fishermen, farm wives and farm Youth.

(vii) Established reputation of the Institution/Organisation in the field of rural development and presence of devoted workers especially in the case of voluntary organisations

The proposal for establishing new Krishi Vigyan Kendras and Trainers Training Centres during the Sixth Plan period is under consideration of the Government The approval for establishing new Krishi Vigyan Kendras will be accorded after the Sixth Plan proposals have been finally approved by the Government

Central Government Employees Having their own Houses

7818 SHRI MADHAVRAO SCINDIA Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state

(a) whether it is not a fact that Central Government Employees having their own houses in Delhi were forced to vacate Government accommodation and in default were penalised during the last three years,

(b) if so, the number of such employees who have been penalised,

(c) whether it is also a fact that tenants of such employees refused to vacate the houses or its portions when required by the house owners,

(d) if so, the number of such house owners whose houses have not been vacated by the tenants as yet, and

(e) the steps, the Government propose to take to protect such employees who have vacated Government accommodation and on the other hand their private houses have not been vacated by tenants?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT) (a) and (b) The house owning officers have the option either to vacate the Government accommodation or continue therein on payment of enhanced licence fee Nobody was forced to vacate the Government quarter and there is no question of penalising them

(c) A few representations were received in the past

(d) Government have no information about the exact number.

(e) For allotment of Government accommodation they will have to take their turn For getting their houses vacated by their tenants the officers could take action as provided in the relevant Rent Control Act

Conditions prevailing in Resettlement Colonies in Delhi

7820 SHRI RAJKESHAR SINGH: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state

(a) whether his attention has been drawn towards news item entitled 'Resettlement colonies are in bad shape' published in the National Herald dated the 28th March, 1978,

(b) if so reaction of the Government thereto; and

(c) necessary action taken or proposed to be taken in this behalf?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT) (a) No such news item appears in the National Herald dated 28th March 1978 However there is such a news item in the issue of 30th March, 1978 of the National Herald.

(b) and (c) Sanitation in the re settlement colonies was affected due to the strike of Safai Karamcharis from 17th March 1978 to 16th April 1978 During the strike efforts were made to attend to the scavanging and removal of garbage by deploying other Safai Karamcharis After the strike was called off all out efforts are being made to clear the backlog and resto e normal conditions The position has considerably improved

Clearance of Irrigation Projects in Orissa

7821 SHRI PRADYUMNA BAL
SHRI PADMACHARAN SAMANTASINHERA.

Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state

(a) what are the major irrigation projects in Orissa which the Central Government have cleared for implementation and what are the projects which the Central Government is still in the process of clearing

(b) what is the total investment on all these projects and

(c) who would be sharing the cost of these projects and to what extent?

THE MINISTER OF AGRICULTURL AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA) (a) Three major irrigation projects namely Upper Kolab Rengali and Mahanadi Barrage have been approved by the Planning Commission during the Fifth Plan period The major projects which are still pending for clearance are Upper Indravati Bagh Bhimkund and Bada nala

(b) The estimated cost of these 7 projects (chargeable to irrigation) is about Rs 424 67 crores

(c) Irrigation is a State subject and irrigation projects are financed by the State Government Central assistance to States is given in the form of block loans and grants and is not related to any individual sector of development or project

तिरहुत तथा दरभंगा जिलों में ऐतिहासिक तथा पुरातत्वीय महत्व के स्थानों के बारे में अनुसन्धान

7822 **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भारतीय संस्कृति की दृष्टि से मिथिला वैदिक-उपनिषद काल से रामायण-महाभारत काल तक तथा बुद्ध जैन काल से मध्ययुग तक महत्वपूर्ण स्थान रहा है ,

(ख) क्या वहां अब भी प्राचीन पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थान है जो परम्परागत पूजा और श्रद्धा के स्थान रहे थे और जिनके खंडहर आज भी उनके ऐतिहासिक महत्व का प्रमाण दे सकते है

(ग) क्या सरकार तिरहुत दरभंगा और कोसी क्षेत्र में ऐतिहासिक तथा पुरातत्वीय महत्व के स्थानों के बारे में अनुसंधान संस्थानों तथा छात्रों द्वारा अनुसंधान को प्रोत्साहन देना ठीक समझती है और

(घ) क्या इस बारे में विश्वविद्यालयों तथा अन्य शिक्षा संस्थानों से कोई आवेदन-पत्र प्राप्त हुआ है और यदि हां तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) (क) से (ग) जी हां ।

(घ) पटना विश्वविद्यालय, पटना ने अन्य जिलों के अतिरिक्त तिरहुत डिवीजन के मुजफ्फरपुर वैशाली और सीतामढ़ी जिलों में अन्वेषण कार्य करने के लिए आवेदन किया था । क्योंकि इन जिलों का भारतीय

पुरातत्व सर्वेक्षण की गांव-गांव सर्वेक्षण की योजना के अन्तर्गत पहले से ही आंशिक रूप से अनुसंधान किया जा रहा है, अत: कथित विश्वविद्यालय को गया तथा जहानाबाद जिलों में अन्वेषण करने के लिए कहा गया है।

संस्कृत की दुर्लभ पुस्तकें

7823. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निर्णयसागर मंत्रालय के (बम्बई) द्वारा काकमाला श्रृंखला अन्तगत प्रकाशित की गई संस्कृत की कुछ दुर्लभ पुस्तकें अब उपलब्ध नहीं हैं ;

(ख) क्या सरकार का विचार इन पुस्तकों को संस्कृत विश्व-विद्यालयों और शोध केन्द्रों द्वारा पुन: मुद्रित कराने का है ; और

(ग) यदि हां, तो कब और कैसे और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बड़कटकी) : (क) से (ग). सरकार को, निर्णयसागर यंत्रालय (बम्बई) द्वारा, काकमाला श्रृंखला के अन्तर्गत प्रकाशित पुस्तकों की अप्राप्यता के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है । तथापि, "सरकार अप्राप्य संस्कृत पुस्तकों के पुनर्मुद्रण" की योजना के अन्तर्गत इन दुर्लभ संस्कृत पुस्तकों के पुनर्मुद्रण के सम्बन्ध में प्राप्त किसी भी प्रस्ताव पर विधिवत् विचार करेगी ।

महिलाओं के लिए होस्टल बनाने के लिए राज्यों को केन्द्रीय सहायता

7824. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार नौकरी करने वाली महिलाओं को सुविधा देने के लिए होस्टल बनाने के लिए राज्यों को सहायता देने की किसी योजना को लागू कर रही है ;

(ख) वर्ष 1977–78 में इसके लिए राज्यवार कितनी राशि दी गई है; और

(ग) बिहार को दी गई राशि की प्रतिशतता क्या है और बिहार के किन स्थानों पर ऐसे होस्टल बनाये जा रहे हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बड़कटकी) : (क) श्रमजीवी महिलाओं के लिए होस्टलों के निर्माण हेतु स्वयंसेवी संगठनों को सहायता देने की भारत सरकार की एक योजना है ।

(ख) 1977-78 के दौरान इस योजना के अन्तर्गत 120.63 लाख रुपये की धनराशि दी गई थी । इसका राज्यवार बंटवारा विवरण में दिया गया है ।

(ग) वर्ष 1977-78 में बिहार में किसी भी होस्टल के निर्माण के लिए कोई भी धनराशि नहीं दी गई थी । तो भी, आल इंडिया वीमेन कांफ्रेंस द्वारा जमशेदपुर में एक होस्टल का निर्माण किए जाने के लिए जनवरी, 1978 में 3.69 लाख रुपये का अनुदान मंजूर किया गया था । बिहार के लिए एक अन्य होस्टल जो 1974-75 में मंजूर किया गया था इस समय पटना में चल रहा है ।

विवरण

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम	वर्ष 1977-78 के दौरान राज्य/संघ शासित क्षेत्र में श्रमजीवी महिलाओं के होस्टलों के लिए स्वयंसेवी संगठनों को दी गई धन-राशि
	(रुपये लाख की राशियों में)
1. आंध्र प्रदेश	5.49
2. असम	1.40
3. गुजरात	7.21
4. जम्मू और कश्मीर	1.82
5. कर्नाटक	15.66
6. केरल	8.37
7. मध्य प्रदेश	12.16
8. महाराष्ट्र	8.31
9. मनीपुर	1.15
10. उड़ीसा	0.70
11. पंजाब	16.21
12. राजस्थान	1.80
13. सिक्किम	2.64
14. तमिल नाडु	6.55
15. त्रिपुरा	0.31
16. उत्तर प्रदेश	6.70
17. पश्चिम बंगाल	2.03
संघ शासित क्षेत्र	
18. अण्डमान और निकोबार द्वीप	2.02
19. चण्डीगढ़	4.96
20. दिल्ली	13.54
21. गोआ, दमन और दीव	0.85
22. मिजोरम	0.75
जोड़	120.63

Allotment of Plots by D.D.A. in Ghondo (Yamunapuri) Block-B/5., Delhi

7825. SHRI CHATURBHUJ: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that D.D.A. allotted 290 Plots in Ghonda (Yamunapuri) Block-B/5 under crash programme;

(b) whether these plots are still undeveloped and a portion of this land had been encroached by the farmers and farming is going on there;

(c) if so, what action has D.D.A. taken to get this land vacated and to develop it; and

(d) the time by which allottees will be given the physical possession of the plots?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT): (a) Only 124 plots were allotted by the D.D.A.

(b) Yes Sir.

c) and (d). The DDA has reported that the Delhi High Court has recently vacated the stay order on the acquisition of land. The physical taking over of the land is likely to be completed after the standing crop on a portion of land is harvested. In the meanwhile some development works have already been taken in hand and others are being planned. Physical possession of the plots will be given to the allottees as soon as the land is passed on to the D.D.A.

Complaint against District Manager, F.C.I., Bareilly

7826. SHRI S. R. DAMANI: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) whether his attention has been drawn to the news item in the *Times*

of India dated the 24th March, 1978 that the F.C.I.'s District Manager of Bareilly is creating chaotic conditions by delaying supplies to ration shop dealers;

(b) if so, the full facts thereof; and

(c) the action taken by Government to ensure regular supplies and also against the officials if there was wanton, dereliction of duty on their part?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH): (a) to (c). The Food Corporation of India have reported that in early March, 1978 they had decided to close down the city unit of Bareilly depot as it was considered unsuitable for storage. Till then, the issues of wheat and sugar to fair price shops were being made from this Unit. This annoyed the fair price shop dealers of Bareilly and on 22-3-1978 they launched an agitation and even forcibly stopped the entry of trucks of foodgrains into the alternative depot at Clutterbuckganj. On receipt of the information about the incident, FCI's Regional Manager at Lucknow was immediately deputed to Bareilly, who on 23-3-1978, in consultation with the local authorities, arranged stocks from the neighbouring depots, and restored supplies to the fair price shops from the City Unit for a few days in order to meet the demand of the consumers during the Holi festival.

Fund Allocated for Construction of Government Quarters

7827. SHRI S. R. DAMANI: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state the money set aside for the purpose of constructing quarters for Central Government officials in Delhi and in other State Capitals during the next two years and when will the construction start?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT): Details of funds provided for construction of general pool quarters for Central Government employees in Delhi and capital cities of States/Union Territories during 1978-79 are given in the attached statement. The funds provided also includes provision for acquisition of land, where necessary. The amount to be provided in 1979-80 can be known only after the next year's budget is presented and passed. However this Ministry proposes to spend during 1979-80 at least Rs. 1834.66 lakhs.

Quarters are already under construction in Delhi, Bombay, Calcutta, Madras, Bangalore, Chandigarh and Simla. During 1978-79 it is proposed to sanction construction of 22,000 houses—16,000 in Delhi, 2,600 in Bombay, 2,000 in Calcutta, 500 at Hyderabad and 300 each at Bangalore, Madras and Chandigarh. Construction will be started after the project is sanctioned by Government. At Port Blair, selection of a site is being done after which the estimate would be prepared and sanctioned by Government. Action for acquisition of land has been taken at Gauhati, Shillong, Afartala, Imphal and Kohims and construction of quarters would be taken up after land is acquired.

Statement

Name of City	Amount allocated in 1978-79 (In Lakhs of Rupees)
Delhi	929·85
Bombay	316·11
Calcutta	429·00
Madras	35·00
Bangalore	31·50
Chandigarh	44·00
Simla	22·20

Name of City	Amount allocated in 1978-79 (In Lakhs of Rupees)
Hyderabad.	15·00
Gauhati	2·00
Shillong	2·00
Agartala	2·00
Imphal	2·00
Kohima	2·00
Port Blair	2·00
TOTAL : . . .	1834·66

Inquiry into Affairs of Delhi University

7828. SHRI S. R. DAMANI: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large number of Delhi University teachers submitted a memorandum to the Visitor demanding inquiry into the affairs of the University in general and the Departments of History and Philosophy in particular;

(b) if so, the full details thereof;

(c) to what extent internal politics are afflicting this University in particular and the Universities in the country in general; and

(d) the remedial measures that Government propose to take to run the Universities in a befitting manner and atmosphere?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) Yes, Sir.

(b) The memorandum *inter-alia* contains allegations of irregularities in the matter of appointments to teaching posts in the Departments of History and Philosophy during the tenure of former Education Minister, as well as his appointment as a Professor in a supernumerary post, on considerations other than academic. It also alleges tampering with the marks of certain students and the panel of examiners for Ph.D. thesis, victimisation of certain deserving persons on personal considerations etc.

(c) It is not possible either to assess or to indicate the extent to which internal politics is afflicting any particular University.

(d) The Universities are autonomous bodies and are administered in accordance with the provisions of their respective Acts and Statutes. It is, however, open to Central/State Governments to amend the relevant Acts and Statutes whenever a situation warranting such amendment arises.

Physical Survey of Trans-Jamuna area of Delhi

7829. SHRI K. A. RAJAN: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether physical survey regarding provision of civic amenities of (1) Laxmi Nagar, (2) Shakarpur and (3) Pandav Nagar Colonies in Trans-Jamuna area of Delhi has been completed;

(b) if not, when the survey work will begin in each case;

(c) how long it will take to complete the survey; and

(d) how much amount will be spent in each of the above areas for providing civic amenities during 1978-79?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT): (a) to (c). Physical survey of Laxmi Nagar, Shakarpur and

Panday Nagar for preparation of development plans is likely to be started in a month. It may take about 4 to 5 months thereafter to complete it.

(d) No decision has so far been taken.

राष्ट्रीय नेत्रहीन केन्द्र, देहरादून (नेशनल सेन्टर फार ब्लाइंड) द्वारा इसके बन्द होने के दौरान मशीनों की खरीद

7830. **श्री नवाब सिंह चौहान :** क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1969 से 1976 के वर्षों के दौरान राष्ट्रीय नेत्रहीन केन्द्र, देहरादून के बहुत से यूनिटो के बन्द होने के बावजूद मशीनें खरीदी जाती रही थी; और

(ख) उपरोक्त अवधि के दौरान इन मशीनों की खरीद का औचित्य और परिस्थितियां क्या हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री छत्रा सिंह गुलशन) : (क) जी, नही ।

(ख) प्रश्न नही उठता ।

Dismantling of a Temple in M. Avenue, Vinay Nagar, New Delhi

7831. SHRI B. P. MANDAL: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that on 29th July, 1975 a temple of Lord Mahadeo and Shiv and the residence of Shri Laxmikant Jha were demolished in M. Avenue, Vinay Nagar, New Delhi;

(b) whether again on 6th January, 1978 Delhi Police demolished one house belonging to the temple and encircled the temple in such a way that the entrance to it was virtually closed; and

(c) if reply to (a) and (b) above be in the affirmative, what action Government propose to take in the matter?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT): (a) Yes, Sir.

(b) Delhi Police have reported that no such action was taken by them.

(c) Shri Laxmi Kant Jha was issued demolition slip for allotment of an alternative plot in Khanpur J. J. Colony in lieu of his residential-*cum*-religious structure, which was unauthorised.

Proliferation of Universities

7832. SHRI PRADYUMNA BAL: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether the Institute of Human Resources Development has cautioned against any further proliferation of Universities in the country and has deplored the 'Nationalisation' and the 'Monopoly' publication of text-books for Secondary Schools by the National Council of Educational Research and Training; and

(b) if so, the Government's reaction thereto and the steps taken in the matter?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) Yes, Sir. Reports to this effect have appeared in the press.

(b) Government have been against unplanned proliferation of higher education institutes since the beginning of the Fifth Plan. In the

Sixth Plan, it has already been decided that programmes of higher education will have a lower priority compared to programmes of adult education and elementary education. As far as School Text Books are concerned, the NCERT publishes only model text books which the State Governments are free to adapt adopt. The statement that the NCERT has any 'monopoly' in the publication of school text books is, therefore, not correct.

अनधिकृत भूमि पर धार्मिक संस्थायें

7833. **श्री दया राम शाक्य** : क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली मे अनधिकृत भूमि पर कितनी मस्जिदो, मकबरो, मन्दिरो, गुरुद्वारों का निर्माण किया गया और उन स्थानो के नाम क्या हैं जहा इनका निर्माण किया गया और वे कितने समय मे विद्यमान हैं ;

(ख) क्या उपासना के उक्त स्थानो के वर्तमान न्यासधारियो के पास रजिस्ट्रेशन डीड आदि जैसे प्रमाणपत्र नही हैं और उनके मौलवी और महन्त बदल गए है लेकिन उनके प्रमाण सरकारी रिकार्ड मे उपलब्ध है, और

(ग) यदि हा, तो क्या इन सब मन्दिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदो आदि को नियमित करने के लिए कार्यवाही की जाएगी ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) भूमि तथा विकास कार्यालय के नियत्रणाधीन तत्कालीन क्षेत्र के 1976 मे किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 267 अनधिकृत धार्मिक पूजा स्थान थे । दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 344 और नई दिल्ली नगरपालिका ने 41 अतिक्रमणों के बारे में सूचित किया है । उसके बाद भी अतिक्रमण हुए है । धार्मिक पूजा स्थलों द्वारा सरकारी भूमि पर अनधिकृत निर्माण की सख्या का सही अनुमान लगाने के लिए एक विस्तृत सर्वेक्षण करने की आवश्यकता होगी । उनके बनाये जाने की अवधि की सही सत्यता जानना सभव नही होगा ।

(ख) भूमि के आवटन के समय धार्मिक पूजा स्थलो को प्रशासिक कर रही एसोसिएशनो/न्यासो से आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते है । यह साबित करना उनकी जिम्मेदारी है कि उनकी एसोसिएशन / न्यास पजीकृत है । जो भी हो, उनके पूर्ववृत की जाच केवल तब ही की जाएगी जब यह किसी एसोसिएशन / ट्रस्ट विशेष को भूमि के आवंटन का निर्णय ले लिया जाए ।

(ग) धार्मिक पूजा स्थलो द्वारा सरकारी भूमि पर अनधिकृत अतिक्रमण को हटाने/नियमितीकरण करने के लिए सिफारिशें देने हेतु सरकारी सगठनो, स्थानीय निकायो, धार्मिक सस्थानो के प्रतिनिधियो से युक्त एक समिति की स्थापना की गई है । आगे की कार्यवाही इस समय की सिफारिशो और प्रत्येक मामले के गुणावगुण पर निर्भर करेगी ।

सूखा प्रभावित क्षेत्र कार्यक्रम

7834. **श्री मोतीभाई आर० चौधरी** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1972 के पश्चात् सूखा प्रभावित क्षेत्र कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत प्रत्येक राज्य की कितनी तहसीलें ली गई और उक्त योजना के अन्तर्गत ये तहसीलें कब लाई गई थी ,

(ख) सूखा प्रभावित क्षेत्र कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत नई तहसील सम्मिलित करने के बारे मे सरकार की नीति क्या है

और इसके लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किये गये हैं ;

(ग) क्या सूखा और अकाल से प्रभावित रहने वाली तहसीलो को सूखा प्रभावित क्षेत्र कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत नही लाया गया है और यदि हा, तो क्या सरकार का विचार इन्हे उक्त योजना के अन्तर्गत लाने का है; और

(घ) यदि नही, तो इसके क्या कारण हैं और क्या अकाल प्रभावित तहसीलो को भी कोई सहायता उपलब्ध कराई जायेगी और अन्य स्थानो की भाति इनका विकास करने के लिए सरकार का विचार क्या कदम उठाने का है ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) 1972 के पश्चात् सूखा ग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत कोई नई तहसील नही लाई गई हैं ।

(ख) से (घ) योजना आयोग द्वारा गठित समन्वित ग्राम विकास से सम्बन्धित कार्य-दल द्वारा 1973 मे निकाली गई रिपोर्ट के आधार पर एक नीति निर्णय लिया गया है कि पांचवी योजना के दौरान सूखा ग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत कोई नया क्षेत्र शामिल नही किया जाएगा । क्षेत्रों का चयन पहले ही बार-बार सूखा पडने, कम तथा अनियमित वर्षा तथा सिचाई की कम सीमा जैसे उद्देश्य-पूर्ण मापदण्डों के आधार पर राज्य सरकारो की सलाह से सूखा ग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत शामिल करने के लिए किया गया था। कोई खण्ड, जिसे राज्य सरकार द्वारा अकाल प्रभावित समझा जाए, को चालू वर्ष से शुरू किए गए चुने खण्डो के गहन विकास के लिए नए कार्यक्रम के अन्तर्गत लिया जा सकता है जिसमे लघु कृषक विकास एजेंसी, सूखा ग्रस्त क्षेत्र कायक्रम तथा कमाण्ड क्षेत्र विकास कार्यक्रम जैसे विशेष कार्यक्रमों के घटक होंगे ।

गुजरात में आदिवासियों के लिए आवासीय भूमि हेतु धन

7835. **श्री छीतुभाई गामित** : क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1972 से 1977 तक गुजरात राज्य मे जिलावार कितने आदिवासियों और हरिजनो ने आवासीय भूमि की माग की तथा उनमे कितनों को ऐसी भूमि दी गई है,

(ख) शेष व्यक्तियो को इस उद्देश्य के लिए भूमि कब तक दी जाएगी तथा इस सम्बन्ध मे सरकार द्वारा की जा रही ठोस कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ;

(ग) गुजरात सरकार ने इन लोगो के लिए भूमि खरीदने के लिए कितना धन मांगा, अब तक कितना धन दिया गया है तथा शेष धन कब तक दिया जाएगा; और

(घ) क्या सरकार का विचार मकान बनाने हेतु इन लोगों को राष्ट्रीय कृत बैंकों से दीर्घावधि ऋण दिलाने का है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) गुजरात सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य मे आवास स्थलों के आवंटन हेतु पात्र आदिवासियों और हरिजनों सहित ग्रामीण भूमिहीन व्यक्तियों की संख्या लगभग 4 लाख है। राज्य सरकार के पास भूमिहीन आदिवासियो एवं हरिजनो का पृथक् पृथक् अनुमान उपलब्ध नही है । लगभग 4 लाख पात्र व्यक्तियों में से 3,34,200 व्यक्तियों को जिनमें 1,65,250 आदिवासी

एव हरिजन भी सम्मिलित हैं, आवास स्थल दिये गए हैं।

(ख) क्योंकि राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकत कार्यक्रम के अन्तगत यह योजना जारी रहेगी। अत. आनेवाले वर्षों मे शेष व्यक्तियो को इसके अन्तर्गत लाया जाएगा।

(ग) इस मन्त्रालय को राज्य सरकार स ऐसा कोई अनुरोध प्राप्त नही हुआ है। यद्यपि योजना आयोग द्वारा राज्य सरकारो/सघ राज्य क्षेत्र प्रशासनो के वार्षिक योजना परिव्यय मे विशेषतया इस योजना के कार्यान्वयन के लिए निधिया निर्धारित की जाती है। इस परिव्यय मे भू-अर्जन के लिए जहा भी आवश्यक हो, और आवास स्थलो के विकास के लिए उपयोग किए जाने की आशा है।

(घ) राज्य सरकार न 1000 प्रति भूमिहीन परिवार की दर पर राष्ट्रीयकृत बैंको से दीर्घकालीन ऋणा का प्रबन्ध किया है। राष्ट्रीयकृत बैंका द्वारा भूमिहीन परिवारो को अब तक 1 02 करोड रुपये की राशि दी गई है जिन्हे आवास स्थलो का आवटन किया गया है।

Setting up of Flour Mill in South Arcot, Dharampuri

7836 SHRI G BHUVARAHAN Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state

(a) whether there is any proposal to give licence to start Flour Mill in the unserved area of South Arcot District, Dharampuri District, and

(b) what is the norm prescribed to start such kind of Industry?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH): (a) and (b). There is no proposal for giving licence to start flour mill in South Arcot and Dharampuri Districts nor any application has been received for issue of such licence A ban was imposed in February, 1973 on establishment of new units or expansion of existing units in the Roller Flour Milling Industry in the light of the then difficult wheat supply position and the gross under-utilisation of overall licenced capacity The ban is continuing However, a review has been undertaken on the question of removal/relaxation of the ban in the context of the present easy availability position and capacity utilisation

Manufacture of Foot and Mouth Disease Vaccine

7837 SHRI SARAT KAR Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state

(a) the names of the firms manufacturing foot and mouth disease vaccine in the country and their installed capacity,

(b) what are the details regarding the targets for this vaccine during the Fifth Five Year Plan, and

(c) whether the know-how, for this vaccine is also available with Indian institutions?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) Names of the firms with their installed capacity are as follows:

1 Indian Veterinary Research Institute—80 lakh monovalent doses.

2 Hoechst Pharmaceuticals Pvt. Ltd—100 lakh quadrivalent doses.

3 Bhartiya Agro-Industries Foundation Pvt Ltd—32 lakh quadrivalent doses

(b) No specific targets had been laid down

(c) For the manufacture of FMD vaccine, three methods are used—namely (1) Frenkel's method,

(ii) monolayer issue culture method and (ui) cell suspension culture method. The technical know-how for the first two methods is available in the country. The Cell Suspension method is in the process of being standardised in the country.

Gujral Committee on Urdu

7838 SHRI AHMED M PATEL Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state

(a) whether Gujarat Committee in respect of promotion of Urdu in the country has submitted its report,

(b) the main recommendations made; and

(c) the action taken by government thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION SOCIAL WELFARE AND CULTURE (SHRI MATI RENUKA DEVI BARKATAKI): (a) Yes, Sir

(b) and (c) The question of taking action on the main recommendations will arise after a decision is taken by Government on the Report.

सरकार के विचाराधीन बांध निर्माण योजनाएं

7839. **श्री लक्ष्मीनारायण नायक :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रत्येक राज्य की कौन-कौन सी बड़ी बांध निर्माण योजनाएं केन्द्रीय सरकार के पास अनुमोदनार्थ पड़ी है और मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले की जमने-ओरछा जल बाध योजना अनुमोदनार्थ केन्द्रीय सरकार को कब मिली थी ;

(ख) इस योजना पर स्वीकृति कब तक दे दी जायेगी और उस पर अनुमानत: कितना खर्च आयेगा ; और

(ग) क्या यह सच है कि इस बांध के निर्माण से उपजाऊ भूमि और कोई बड़ा गांव जलमग्न नही होगा ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया । देखिए संख्या एल-डी– 2174 / 78]. जिसमे उन वृहद बांध निर्माण स्कीमों के नाम दिए गए है, जिनकी जाच केन्द्रीय सरकार द्वारा की जा रही है। 90 परियोजनाओ मे से 20 परियोजनाओ के बारे मे टिप्पणिया राज्य सरकार को भेजी गई है तथा शेष 68 परियोजनाओ की जाच विभिन्न चरणो मे चल रही है।

विद्युत् विभाग ने, जो एक उद्देश्यीय जल-विद्युत स्कीमो के बारे मे कार्रवाई करता है, सूचित किया है कि मध्य प्रदेश के टीकमगढ जिले के लिए जामने ओरछा जल-विद्युत् बाध स्कीम मध्य प्रदेश सरकार से अभी तक केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को प्राप्त नही हुई है।

(ख) और (ग) प्रश्न उत्पन्न नही होता ।

Hindustan Housing Factory Jangpura, New Delhi

7840 CHOWDHRY BALBIR SINGH: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) when the Hindustan Housing Factory at Jangpura was set up and how much money has been invested in this factory;

(b) whether the Housing factory is running into losses from the very inception, if so, how much losses it has incurred todate·

(c) what are the reasons for losses and steps Government propose to im-

prove the working of the Hindustan Housing Factory, and

(d) whether the factory is overstaffed and if so, the steps Government are considering to utilise the existing persons more usefully?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT) (a) Hindustan Housing Factory, which is now called Hindustan Prefab Limited, was set up, in its present form of a fully owned Government company, in August, 1955 The Government have, so far, invested a sum of Rs 56 99 lakhs as equity capital

(b) No The Housing Factory made profits from its very inception in August, 1955 and continued to do so till the year 1973-74. It started incurring loss with effect from the year 1974-75 The losses incurred during 1974-75, 1975 76 and 1976-77 were Rs 39 84 lakhs Rs 36 13 lakhs and Rs 64 51 lakhs respectively During the year 1977-78 a loss of Rs 71 lakhs is anticipated The accumulated loss upto 31st March, 1978, after wiping off the reserves, would be Rs 173 08 lakhs

(c) The following are the main reasons for losses —

(1) In 1974, due to financial difficulties, the U P State Electricity Board, which was a major buyer, suspended taking electric poles for which it had placed a large order worth Rs 2 6 crores

(2) The cost of the factory products rose because of the unabsorbed overheads arising from the suspension of the above order and the linking of the dearness allowance with the dearness allowance rates of the Central Government employees as a result of an arbitration

The Ministry has requested the Railway Board to give orders for concrete sleepers at a viable price. The U.P State Electricity Board, too have resumed taking the electric poles as a result of persuasion by Government and the management Steps are also being taken to find a suitable and economical product line for the Factory There has of late, been some improvement in the production of the Factory Efforts are being made to secure more orders so that the extra overheads due to surplus labour etc. are fully absorbed

(d) Due to lack of business there are about 219 surplus workers in the Skilled and Semi-skilled categories As stated above efforts are being made to secure enough orders for the supply of railway sleepers electric poles and channel units etc to fully absorb the unutilised labour

अशोक विहार नई दिल्ली चरण-दो में दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैटों के लागत मूल्यों में अन्तर

7841 श्री धयारम शाक्य क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा अशोक विहार चरण-दो में निर्मित मध्यम आय वर्ग के फ्लैटो के क्या मूल्य निर्धारित किए गए हैं ,

(ख) क्या उनका मूल्य इसी क्षेत्र मे आरम्भ मे आवंटित किए गए मध्यम आय वर्ग के फ्लैटो के मूल्य से अधिक है और

(ग) यदि हां, तो एक ही क्षेत्र मे एक ही टाइप के क्वार्टरो के मूल्य मे अन्तर होने के क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) सम्भवत यह प्रश्न अशोक विहार चरण iii से सम्बन्धित है । चरण-iii में 114 फ्लैटों की बिक्री का मूल्य

55,400 से 61,900 रुपये तक तथा 180 फ्लैटो का 59,000 रु० से 66,200 रुपये तक था ।

(ख) जी, हा ।

(ग) निर्माण की लागत और कुर्सी क्षेत्र मे अन्तर की वजह से ।

ऋण के आधार पर सकर गायों की खरीद की योजना

7812. **श्री बयाराम शाक्य :** क्या **कृषि और सिंचाई** मत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) क्या सरकार का विचार ग्रामीण क्षेत्रो मे निर्धन लोगो का ऋण देने की पेशकश करके प्रति वर्ष 2000 लिटर दूध देने वाली सकर गायो की खरीद करने की सुविधा देने तथा यह ऋण उनसे दूध के रूप मे वसूल करने की योजना बनाने का है ,

(ख) क्या इस योजना द्वारा हजारो गायो का काटे जाने से बचाया जा सकता है तथा उनकी नसल मे परिवर्तन किया जा सकता है और इस तरह सरकार गौवध पर प्रभावपूर्ण ढग से रोक लगा सकती है , और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) तथा (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो इस समय देश मे वर्णसकर गायो की सख्या कितनी है और उनके वितरण के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) इस समय प्रति वर्ष 2000 लिटर दुग्ध देने वाली सकर प्रजनित गायो का खरीदने के लिए ग्रामीण गरीबो को ऋण देने और ऋण का दूध के रूप मे वसूल करने का कोई प्रस्ताव नही है ।

(ख) उपर्युक्त (क) को दृष्टि में रखते हुए प्रश्न ही नही होता ।

(ग) उपर्युक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर नकारात्मक होने के कारण प्रश्न ही पैदा नही होता । एक अनुमान (पशु-पालन, डेरी तथा दुग्ध सप्लाई के विषय में कार्यकारी दल की 1973 की रिपोर्ट) के अनुसार 1978–79 तक देश मे लगभग 25–30 लाख सकर प्रजनित गाये उपलब्ध होंगी ।

मुनीरका स्थित डी० डी० ए० फ्लैटों के आवंटियों के लिए समान कर नीति

7813. **श्री बयाराम शाक्य :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मत्री यह बताने की कृपा करेगे कि :

(क) क्या मुनीरका रेजिडेन्स वैल्फेयर एसोसिएशन ने दिल्ली नगर निगम से अनुरोध किया है कि वह डी० डी० ए० द्वारा निर्मित मकानो तथा निम्न आय वर्ग के फ्लैटो के बारे मे एक समान गृह कर नीति अपनाये, और

(ख) यदि हा, तो इस बारे मे सरकार ने क्या कार्यवाही की है और वर्तमान गृह कर नीति किन मानदण्डो पर आधारित है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) जी, हा ।

(ख) इस मामले पर विचार किया जा रहा है तथा शीघ्र ही निर्णय ले लिया जायेगा । अपने ही दखल का सम्पत्ति के मूल्याकन का मानदण्ड, जिसे विगत वर्षो मे कभी भी किराये पर नही दिया गया हो और जहा पर पहली बार मूल्याकन किया जा रहा हो, निर्माण की उपयुक्त लागत और निर्माण कार्य के प्रारम्भ होने की तारीख मे उस भूमि को

मार्केट दर जिसमे वह मकान बना हो, दोनो को मिला कर उसका 8 –5 8 प्रतिशत है । दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैटो के मामले मे यह आबटी द्वारा दिल्ली विकास प्राधिकरण को दी गई कीमत का 8–5/8 प्रतिशत है ।

Post-Graduate Correspondence Courses

7844 SHRI AMRIT KASAR Will the Minister of EDUCATION SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state

(a) whether a number of graduates in the country are left without getting admission for pursuing post-graduate courses through direct admission into Universities and also through correspondence courses,

(b) the number of Universities in India offering post-graduate correspondence courses,

(c) what are the subjects in which these courses are being offered at present, and

(d) whether Government propose to add more and more subjects in different Universities for correspondence courses to help the lot of upcoming students, for betterment of their career?

THE MINISTER OF EDUCATION SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR PRATAP CHANDRA CHUNDER) (a) According to information available the enrolment in post-graduate courses is about 10 per cent of the total enrolment in Universities and Colleges

(b) Eight Universities and one institution deemed to be university offer postgraduate courses through correspondence

(c) The subjects in which correspondence courses at the postgraduate level are available are

Commerce, Economics History Political Science Public Administration Sociology and Languages like English Hindi, Sanskrit, Kannada, Punjabi Tamil, French, Russian and German

(d) It is a matter for the universities to decide However as and when proposals to introduce correspondence courses are made by the universities, the University Grants Commission considers them on merits

Wrong Billing of Electric and Water consumption at Vithalbhai Patel House, New Delhi

7845 SHRI MADHAVRAO SCINDIA Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND RFHABILITATION be pleased to state

(a) the number of complaints received from resident Members of the Vithalbhai Patel House Rafi Marg, New Delhi regarding wrong billing of electric and water consumption

(b) the average consumption of electricity and water per double and single suite per month in Vithalbhai Patel House,

(c) whether billing of electricity and water in Vithalbhai Patel House is much higher compared to other Members localities like South Avenue, North Avenue and Mcenabagh etc,

(d) if so the reasons thereof and

(e) steps that are proposed to be taken to give correct meter readings and justified charging of Bills?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT) (a) Five complaints were received from resident members about electric charges during 1977-78

(b) Average consumption per month including rent

	Single suites	*Double suites*
Water	Rs 17	Rs 10,00

Electricity Electricity charges very from suite to suite depending upon the appliances used by them

(c) to (e). Electricity consumption in Vithalbhai Patel House is being charged at the rate of 29 paise per unit against 27 paise per unit in other localities like South Avenue, North Avenue and Meena Bagh. The case for reducing the rate of electric consumption to 27 paise per unit from 29 paise per unit now charged is under consideration of New Delhi Municipal Committee, who have since submitted the proposal for approval to the Lt. Governor. Recovery of water charges is made at the same rates from occupants of V.P. House as are recovered from occupants of other localities by the New Delhi Municipal Committee direct.

Utilisation of Waters of Rivers Ravi and Beas in Punjab, Haryana and Rajasthan

7846. SHRI S. S. SOMANI: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) what are the details of the released water from Pakistan and utilized under the Indus Water Treaty of 1960 of the rivers Ravi and Beas, in Punjab, Haryana and Rajasthan separately during the last three years, and

(b) what is the quantity of stored water made available for irrigation during the last two years after the construction of the Talwara Dam on River Beas to Rajasthan, Haryana and Punjab separately?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) and (b). At the end of the transition period on 31st March, 1970 provided in the Indus Waters Treaty, 1960, the entire flow of the Ravi and the Beas became available for un-restricted use by India. The total average annual flow of these two rivers is about 19 MAF, of which India was utilizing about 9.9 MAF on an average at the end of the said transition period. The approximate figure of utilisation of the waters of these two rivers in MAF by the States of Rajasthan, Punjab and Haryana during the last three years are given below:—

Year (April-March)	Rajasthan	Punjab	Harayana*
1974-75	5·483	5 577	0·980
1975-76	6·108	5 487	0·977
1976-77	6 220	5·136	1·028

*Share of the water conserved in Bhakra and used therefrom in lieu of use of Ravi-Beas waters in Bhakara areas ex-Sirhind Feeder

The utilisation of the waters of Ravi and Beas is integrated and separate figures river-wise as well as for stored and free flow supply are not available.

घाटे में चल रही बड़ी और मध्यम सिंचाई परियोजनाएं

1960 में मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री ने कहा था कि सीलिंग लागू होने के बाद मध्य प्रदेश में 50 लाख एकड़ जमीन अतिरिक्त घोषित होगी, जब कि आज सारे देश में साढ़े-तेतालीस लाख एकड़ अतिरिक्त जमीन घोषित हुई और उस में से भी 5.4 लाख हैक्टअर बंटी। इसलिये, श्रीमान्, मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि सारे देश की स्थिति को देखिये और ऐसा न कीजिए, जिस में इस मुल्क का किसान उसी स्थिति में बना रहे जिस में वह आज तक रहा है, उस की स्थिति में अब कुछ सुधार होना चाहिये। अगर आप फौरन भूमिसुधार कानून को लागू नहीं करते हैं तो इस के लिए एक कमेटी बनाइये जो जल्दी अपनी रिपोर्ट दे। जो उस कानून के सारे लूप-होल्ज को दूर करे, बेनामी ट्रांस्फर्स को खत्म करे और सही मायनों में सीलिंग कानून को लागू करें। आज भी हमारे देश में दो-दो हजार एकड़ जमीन के मालिक हैं और कहते हैं कि हमारे पास 18 एकड़ से ज्यादा नहीं है। इतना बड़ा धोखा और फ्राड इस देश में अभी भी चल रहा है—इस धोखे को खत्म करना होगा, तभी किसानों को लाभ हो सकेगा।

इस में सन्देह नहीं है कि आप ने बहुत काम किया है। इस में लिखा है — सिंचाई के मामले में आज तक पिछले पांच प्लानों में कुल मिला कर 55 अरब 66 करोड़ रुपया खर्च किया गया है, जब कि अगले पांच वर्षों में आप 74 अरब रुपया खर्च करने जा रहे हैं। पिछले साल कृषि पर आप ने 490 करोड़ रुपया खर्च किया था, इस साल आप 1754 करोड़ रुपया खर्च करने जा रहे हैं। इस लिये कृषि की उन्नति के लिए आप काफी खर्च करने जा रहे हैं—लेकिन प्रश्न यह है कि इतना खर्च करने के बाद किसान को क्या मिलेगा? देश के 6 लाख गांवों में बसे हुए भूमिहीनों को केवल माइक्रोस्कोपिक लाभ ही मिलने वाला है। आप चाहे जितना खाद बांट दें, चाहे जितना बीज बांट दें, चाहे जितना खर्चा कर दें, लेकिन इस का लाभ उन को मिलने वाला नहीं है। इस देश के 85 फीसदी लोगों को, जिन के पास जमीन नहीं है या जिन के पास 5 एकड़ से कम जमीन है, उन के लिए आप चाहे जितनी सिंचाई योजनायें बना दें, इनका लाभ केवल बड़े-बड़े किसानों को मिलता है।

आज ट्रैक्टर की कीमत कम करने की बात चल रही है. लेकिन कोई यह नहीं कहता कि पहले उन को जमीन दो। ट्रैक्टर का लाभ भी बड़े लोगों को ही मिलेगा। ये 3.9 प्रतिशत लोग हैं, जिन को ट्रेक्टर की जरूरत है लेकिन जो दूसरे छोटे लोग हैं उन को जमीन की जरूरत है। उन को आप जमीन दीजिए। इस के अलावा मैं यह कहना चाहूंगा कि आप उन के लिए पब्लिक

[श्री यमुना प्रसाद शास्त्री]

ट्यूबवेल्स बनवाएं क्योंकि प्राईवेट ट्यूबवेल्स वे नहीं बना सकते हैं।

14.00 hrs.

आपने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि वाटर रेट्स कम हैं, इन को बढ़ाना चाहिए। इस के लिए आप ने चिन्ता व्यक्त की है। अगर आप वाटर टैक्स बढ़ा देते हैं, सिंचाई टैक्स बढ़ा देते हैं, तो जो गरीब आदमी अभी अपने खेतों को सींच रहा है, वह भी नहीं सींच पाएगा। आज जो खाद की कीमत है, वह इतनी ज्यादा है कि उस को वह ग़रीब आदमी दे नहीं सकता इतना पैसा वह खर्च नहीं कर सकता है। इसलिए मेरा कहना यह है कि जब तक आप उन लोगों को जमीन नहीं देंगे, जब तक आप इनटेंसिव कल्टीवेशन नहीं कराएंगें और जब तक आप बड़े लोगों की जमीन नहीं बांटेंगे, तब तक आप का उत्पादन नहीं बढ़ेगा। आप ने कहा है कि 123 मिलियन टन अनाज हम पैदा करने वाले हैं। यह हिन्दुस्तान जैसे बड़े देश के लिए कोई बड़ी बात नहीं है क्योंकि आप यह देखिये कि जापान में एक हेक्टेयर में 67 क्विंटल 20 किलोग्राम अनाज पैदा किया जाता है। वहां पर इनटेंसिव कल्टीवेशन होती है और छोटे खेतों में अधिक श्रम लगाया जाता है, ज्यादा इनपुट्स लगाए जाते हैं। इसलिए वहां पर पैदावार ज्यादा होती है और एक हेक्टेयर में 67 क्विंटल 20 किलोग्राम पैदावार होती है। हमारे यहां 17 क्विंटल 50 किलो, अफ्रीका के देशों में 12 क्विंटल 20 किलोग्राम और लेटिन अमेरिका के देशों में 20 क्विंटल 70 किलोग्राम एक हेक्टेयर में होती है और जापान में 67 क्विंटल और 20 किलोग्राम होती है। अगर उतनी पैदावार हम अपने यहां कर लें, तो आज जितनी पैदावार होती है, उस की चार गुना, पांच गुना पदावार हो और फिर सचमुच में हम गर्व कर सकते हैं कि हम ने कुछ प्रगति की है और ऐसा होने से सर्वतोमुखी विकास भी हो सकता है।

दूसरी बात सिंचाई के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि इस देश में 170 मिलियन हैक्टेयर में खती होती है और विशेषज्ञों की राय यह है कि 107 मिलियन हैक्टेयर में सिंचाई हो सकती है। इस देश में इतना पानी है कि 107 मिलियन हेक्टेयर में सिंचाई हो सकती है लेकिन अभी केवल 50 मिलियन हेक्टेयर में ही सिंचाई हो रही है और 50 मिलियन हेक्टेयर में नहीं, शायद 48 मिलियन हेक्टेयर में ही सिंचाई हो रही है। इसलिए हमें इस मामले में बहुत कुछ आगे करना है। अभी हमारे यहां सरफेस वाटर जो है, उस का भी पूरा उपयोग नहीं हो सका है और इस के अलावा अन्डरग्राउन्ड वाटर भी है जिस का उपयोग नहीं हुआ है। इस अन्डरग्राउन्ड वाटर का उपयोग पब्लिक ट्यूबवेल्स के जरिये किया जा सकता है और ऐसा करने से गरीबों को लाभ मिल सकता है लेकिन उस तरफ सरकार का ध्यान नहीं गया है। इसलिए सरकार को पब्लिक ट्यूबवेल्स ज्यादा से ज्यादा बनवाने चाहिऐं ताकि गरीबों को सिंचाई का लाभ मिल सके।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं और वह यह है कि जिस तरह से बहुत से प्रान्तों ने सवा छः एकड़ वाले किसानों पर लगान नहीं लगाया है, उसी तरह से सिंचाई में यह किया जाए कि जिन के पास सवा छः एकड़ या सात एकड़ या पांच एकड़ जमीन हो और उस में वे सिंचाई करते हों, तो उनसे कोई सिंचाई टैक्स नहीं लिया जाएगा। दूसरे जो बड़े लोग है उनसे आप सिंचाई टैक्स लीजिए लेकिन छोटे किसानों पर सिंचाई टैक्स न लगायें। जब ऐसा होगा, तो खेती के मामले में देश काफी प्रगति कर सकेगा।

इसी तरह से मेरा कहना यह है कि सिंचाई के मामले में क्षेत्रीय असंतुलन भी बहुत बढ़ा है। इस तरफ भी आप को देखना होगा क्योंकि यह बहुत ही आवश्यक चीज है। अभी कल ही हम ने अखबारों में पढ़ा कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने पंजाब में इस तरह की बात कही और वह बहुत अच्छी बात कही और उससे हमारा हृदय प्रफुल्लित हो गया। उन्होंने कहा कि देश के कुछ ही हिस्सों को प्रगति का लाभ न मिले और सब को बराबर का हिस्सा मिले, ऐसा हमारा प्रयत्न होना चाहिए। आज देश किस हालत में है।

हमारे देश में औसतन तीस प्रतिशत भूमि में सिंचाई होती है। अब आप देखें कि मध्य प्रदेश का औसत क्या है? वह केवल नौ प्रतिशत है। सारे देश में 30 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में केवल नौ प्रतिशत। इस प्रकार से क्या आप समझते हैं कि देश की सर्वतोमुखी विकास सम्भव हो सकेगा? क्या इससे देश में ऐसे टापू पैदा नहीं होंगे जहां अत्यन्त निर्धनता होगी, गरीबी होगी? आज देखने में यह आ रहा है कि गरीबी बढ़ती चली जा रही है। आज तक जो प्रगति की गई है उसका नतीजा यह निकला है कि अत्यन्त दीन हीन लोगों की संख्या ही बढ़ती चली गई है, पहले की अपेक्षा बढ़ती ही गई है। ऐसा कभी नहीं देखा गया है। पंचवर्षीय योजनाओं के कार्यान्वित होने के बाद, प्रगति करने के बाद, उन्नति के पथ पर जाने के बाद दीन हीन लोगों की संख्या बढ़ती ही गई है। जहां डैस्टी ट्यूट्स की अत्यन्त दीन हीन की संख्या 1961 में हमारे देश में 18.28 थी वहां 1971 में वह बढ़ कर 21.81 हो गई। जो गरीब लोग थे उनकी संख्या 1961 में वहां 38.11 थी वहां 1971 में वह बढ़ कर 43.16 हो गई। इसी तरह से जो भूमिहीन 1961 में 110 लाख कुटुम्ब थे उनकी संख्या 1971 में बढ़ कर 150 लाख हो गई अगर प्रगति की यही रफ्तार आगे भी जारी रही तो मैं समझता हूं कि इस से विषमता ही बढ़ती चली जाएगी और यह प्रगति न कहलाएगी।

सिंचाई का सारे देश का औसत प्रतिशत 30 है और मध्य प्रदेश जैसे प्रान्त का केवल नौ है। मैं कहूंगा कि पहले आप मध्य प्रदेश के प्रतिशत को तीस तक लाने की चेष्टा करें।

किसानों को जो बिजली दी जाती है, एग्रिकल्चर सेक्टर में जो बिजली की खपत होती है, उसके आंकड़ों को अब आप लें। बारह तारीख को मेरे एक प्रश्न के उत्तर में यह बताया गया था कि आंध्र में 21.9 प्रतिशत खेती बाड़ी के कामों में बिजली की खपत होती है, बिहार में 12.2, उत्तर प्रदेश में 27.1, हरियाणा में 35.8, त्रिपुरा में 8.3, महाराष्ट्र में 8.5, कर्नाटक में 8.4, पंजाब में 27.1 लेकिन मध्य प्रदेश जैसे अभागे प्रदेश में केवल 6.1 प्रतिशत ही में बिजली की खपत एग्रीकल्चर के क्षेत्र में होती है। सरफेस वाटर से जो सिंचाई का प्रबन्ध किया जाता है वह भी सब से कम मध्य प्रदेश में है। बिजली के जरिये भी हिन्दुस्तान में सबसे कम। अगर आपने अभी भी मध्य प्रदेश जैसे क्षेत्रों की तरफ ध्यान नहीं दिया तो जिस तरह से पहले उसकी उपेक्षा होती रही है उसी तरह से आगे भी होती रहेगी।

इंटेग्रेटिड रूरल डिवेलपमेंट के लिए आपने बीस जिले चुने थे लेकिन उन में से एक भी जिला मध्य प्रदेश का नहीं लिया गया था। आपने आपरेशन फ्लडस्कीम दो को हाथ में लिया जिस के जरिये आप ग्रामीण लोगों को रोजगार देना चाहते थे, गांवों का चौमुखी विकास आप करना चाहते थे वह बहुत अच्छी योजना थी। उसका पहला चरण पूरा हो चुका है। उस में आपने केवल चार मैट्रोपोलिटीन सिटीज को लिया है, दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई और मद्रास। इन से लगे हुए प्रदेश इस में शामिल किए गए थे। वहां के गरीबों को कुछ गाएं आपने दी हैं, कुछ उन में बांटा है और इससे उनको कुछ लाभ भी हुआ है। लेकिन मध्य प्रदेश बिल्कुल अछूता उससे रहा है।

[श्री यमुना प्रसाद शास्त्री]

वहां पर वह योजना भी नहीं गई। इस योजना के दूसरे चरण के लिए आपने पांच सौ करोड़ प्रोवाइड किया है। इस चरण में भी आप इसको उन्हीं जगहों में ले जायेंगे जहां पहले से कुछ लोगों की हालत अच्छी हो गई है। उनकी आमदनी कुछ बढ़ गई है। मध्य प्रदेश इस में भी उपेक्षित रहेगा। सूखाग्रस्त क्षेत्रों के विकास के लिए आपने एक योजना चलाई है। मध्य प्रदेश के 45 जिले हैं। उन में से केवल चार लिए गए हैं और वे भी वे हैं जहां के मिनिस्टर जो कांग्रेस के जमाने में थे, उन्होंने उनको उस में शामिल करवा लिया है और जो सचमुच में सूखाग्रस्त क्षेत्र है, जहां हमेशा सूखा पड़ता रहता है, लोग दाने दाने के लिए तरसते रहते हैं उनको उस में शामिल नहीं किया गया है।

मैं कृषि राज्य मंत्री महोदय के भाषण को सुन रहा था। बहुत अच्छे कृषि विशेषज्ञ वह हैं। हृदय से मैं उनका सम्मान करता हूं। हमारे देश में करीब 5080 ब्लाक्स हैं। आपने लघु कृषि विकास योजना चलाई है। 2900 ब्लाक इन 5080 में से आप ने लिए हैं। जिन में यह योजना चल रही है उन्हीं में से आप कहते हैं कि अब दो हजार लिए जाएंगे जिन में इंटेंसिव डिवेलपमेंट की योजना आप चलायेंगे। जो विकास खंड पहले छूट गये, 5080 में से 2100 ब्लाक्स पहले से छूट गये, वह अभी भी छूटे रहेंगे और मध्य प्रदेश उसमें से एक है और मेरे क्षेत्र रीवां में पिछले 20 सालों में कुछ नहीं हुआ। वहां 91 प्रतिशत लोग पावर्टी लाइन के नीचे हैं और कृषि की वहां बहुत अधिक सम्भावना है, लेकिन वहां इन तीनों योजनाओं में से एक भी योजना नहीं चल रही है। कहते हैं कि जिन 2900 ब्लाक्स में पहले से तीन योजनाओं में से एक योजना चल रही है उन्हीं में से 2000 ब्लाक्स में इंटेंसिव डेवलपमेंट योजना चलायेंगे। तो आप इस पर विचार कीजिए, इस तरह से असंतुलन कायम न कीजिए। चाहिए तो यह था कि 5080 ब्लाक्स में से जो छूट गए थे और जो सचमुच निर्धनता के नीचे हैं उनको न लेकर उन्हीं विकास खंडों को लिया जाय जो पहले से चले आ रहे हैं यह कोई विवेक की बात नहीं हुई।

कृषि वस्तुओं के मूल्यों के बारे में माननीय सदस्यों ने कहा है कि किसान के साथ इतना बड़ा अन्याय है। रिपोर्ट में लिख दिया गया कि गन्ने का भाव साढ़े 8 रु० क्विंटल तय किया था लेकिन किसानों को इससे अधिक भाव मिल रहा है। यह कितना बड़ा झूठ है। इसके विपरीत किसानों को साढ़े तीन और चार रु० क्विंटल के भाव पर गन्ना बेचना पड़ता है। वह कैसे समझेगा कि हमारे साथ न्याय हुआ। यही हालत आलू, प्याज और गेहूं की होने वाली है। जब किसान के घर में माल आयेगा तो दाम कम होंगे और उसके हाथ से माल निकलते ही चीजों के दाम बढ़ने लगते हैं। कृषि मूल्य आयोग में छोटे किसानों का कोई प्रतिनिधि नहीं है जो उनके हितों का ध्यान रख कर उचित दाम तय करे। किसान की कितनी लागत लगती है और जो चीज वह खरीदता है उसके लिए उसको कितना पैसा देना पड़ता है आप इसको भी तो ध्यान में रखिये। आज सीमेंट, लोहा, कागज, साबुन जो जो चीजें किसान खरीदता है उसके लिए काफ़ी कीमत उसको देनी पड़ती है और जिस वस्तु को बेच कर वह चीज लेगा उस वस्तु की क्या कीमत हो रही है इस देश के अन्दर? इसलिए गेहूं का दाम भी जो 112 रु० 50 पैसे प्रति क्विंटल रखा गया है वह भी बहुत कम है और यह दाम भी किसान को नहीं मिल पायेगा। इसलिए आप 85 प्रतिशत जनता के साथ न्याय करें, ऐसा न करें कि उनको यह लगे कि जितना उनका शोषण पहले होता था वैसा ही आज भी चल रहा है। किसान के बल पर ही आज जनता सरकार यहां आई है।

तमाम ओला गिरा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सारी फसल चौपट हो गई, एक दाना भी किसान के घर में नहीं आया...

उपाध्यक्ष महोदय : शास्त्री जी आपको काफ़ी टाइम दिया गया। अब आप समाप्त करें।

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : यहां पर प्रश्न पूछा गया कि वहां ओला गिरा है वहां के किसानों ने जो तकावी ऋण लिया था उसका ब्याज आप माफ़ करेंगे कि नहीं। तो वित्त मंत्री जी ने कहा कि नहीं माफ होगा। क्या यह न्याय है ? आखिर किस लिये ली थी किसान ने तकावी ? फसल पैदा करने के लिए। लेकिन जब फसल ही पैदा नहीं हुई ओले के कारण तो कहां से देगा ब्याज और बकाबी ? मेरा तो कहना है कि मूल धन भी माफ़ होना चाहिए क्योंकि खाने के लिए खाना नहीं हुआ है तो कहां से तकावी दे। और अगर नहीं देगा तो उसकी कुर्की होगी। कैसे तकावी देगा ? इसलिए इस तरह का न्याय अगर किसान के साथ किया गया तो किसान बरबाद होगा, देश भी बरबाद होगा और देश की प्रगति नहीं हो सकेगी। हमारी सरकार ने किसानों की प्रगति के लिए जो संकल्प किया है उससे हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमने जो सुझाव उनके सामने रखे हैं उन पर गम्भीरतापूर्वक विचार करेंगे।

अन्त में मैं इतना तो कहूंगा कि एक साल के अन्दर भूमि-सुधार को अवश्य लागू किया जाये और बड़े किसानों से जमीन छुड़ाकर छोटे और भूमिहीन किसानों को दी जाये, नहीं तो जिस तरह से रोज़ घटनाएं सुन रहे हैं लोगों को जिन्दा जलाने की, हत्याओं की, वह बराबर होती रहेंगी। जिस देश का मजदूर वर्ग नीचे रहेगा, हमेशा हमको दुनिया के सामने लज्जित हो कर सिर झुकाना पड़ेगा। इसलिए मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वह इस तरफ ध्यान दें।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे इतना समय दे दिया। आपकी आज्ञा के बिना भी मैंने बहुत समय ले लिया इसके लिए क्षमा चाहता हूं।

श्री राम देनी राम (पलामू) : उपाध्यक्ष महोदय, जो लोग यहां पर हैं, उनको बुलाइये।

उपाध्यक्ष महोदय : हमारे पास जो लिस्ट है, उसी के अनुसार हम बुलायेंगे, ऐसा नहीं कि मनमानी से किसी को भी बुला लें। इसलिए जिनके नाम यहां पर हैं, उसी आर्डर में बोलेंगे, अगर वह नहीं हैं तो और लोगों को चांस मिल जाता है। इससे यह नहीं होगा कि मेरा नाम पुकारा ही नहीं।

एक माननीय सदस्य : जो यहां नहीं हैं, क्या उन्हें दुबारा बुलायेंगे ?

उपाध्यक्ष महोदय : जिनका नाम एक दफे बोल लेते हैं, उन्हें दुबारा नहीं बुलाते हैं। कोई एक्सैप्शनल केस हैं, उनका नाम स्लिप भेजें तो दूसरी बात है।

श्री मही लाल (बिजनौर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सब से पहले मैं आप के माध्यम से भारतवर्ष के कृषि वैज्ञानिकों, किसानों और खेती पर काम करने वाले मजदूरों को बधाई देना चाहता हूं, यह इसलिए कि स्वतन्त्रता से पूर्व हमारा देश खाने-पीने की वस्तुओं के लिए मोहताज था, दूसरे देशों का मुखापेक्षी था, लेकिन आज हम गेहूं, चावल, शक्कर आदि के मामले में स्वावलम्बी ही नहीं हैं बल्कि इस स्थिति में हैं कि हम दूसरे देशों की भी मदद कर सकें, उनको खाद्यान्न दे सकें। इसलिए मैं पुनः आपके माध्यम से राष्ट्र के कृषि वैज्ञानिकों, किसानों और खेती मजदूरों को बधाई देना चाहता हूं।

[श्री मही लाल]

साथ ही वर्तमान शासन को भी मैं इसलिए बधाई देता हूं कि इसने कृषि को वरीयता देकर अपने राष्ट्रीय कार्यों में रखा है। यह हमारे राष्ट्र के लिए बहुत अच्छा लक्षण है कि हम अपनी अर्थ-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दृढ़ हैं और उसकी रीढ़ को हम और मजबूत करना चाहते हैं। इससे हमारा राष्ट्र उज्जवल होगा और संसार में हम शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में चमकेंगे, ऊपर उठेंगे।

कुछ सुझाव मैं माननीय मंत्री जी को इस अवसर पर देना आवश्यक समझता हूं। यह निर्विवाद है कि जो योजनाएं अब तक हमारी चली हैं, उनका लाभ हमारे ऊपर के जो मुट्ठीभर किसान हैं, उन्हीं को पहुंचा है, जो 65 फीसदी वास्तविक रूप में छोटे किसान हैं, उनको इससे लाभ नहीं पहुंचा है चाहे वह किसी भी प्रकार की कृषि से सम्बन्धित योजनाएं हों। इसका मुख्य कारण यह रहा कि वह योजनाएं कृषि-ज्ञाताओं, कृषि के क्षेत्र के लोगों द्वारा न बनाई जा कर, बड़े-बड़े आफिसेज में, एयर-कण्डीशण्ड कमरों में बैठ कर बनाई गई हैं और अमरीका तथा आस्ट्रेलिया के आंकड़े सामने रख कर बनाई गई हैं और उसी अनुरूप उसके नतीजे भी हमारे सामने आये हैं। जिस तरह से अमरीका और आस्ट्रेलिया में बड़े-बड़े किसानों की तरफ ध्यान रखा जाता है, उनके हित देख कर योजनाएं बनती हैं, उसी प्रकार से यहां भी योजनाएं बनीं जिसके कारण हमारे देश में 2, 3 फीसदी किसान ही उनका लाभ उठा सके और बाकी के हमारे किसान उससे उपेक्षित रह गये। उसकी खेती का उत्थान, जैसा होना चाहिए था, वह नहीं हुआ।

इस सिलसिले में मैं यह भी कहना आवश्यक समझता हूं कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज किसान वह है जो खेती पर स्वयं काम करता है। हमारे निर्वाचन क्षेत्र में देश के प्रमुख उद्योगपति बिरला जी का भी फार्म है और अन्य उद्योगपतियों के भी फार्म हैं। वह लोग भी अपने को किसान की श्रेणी में गिनते हैं। हमारे आंकड़े भी उनको किसान मानते हैं, लेकिन वह किसान नहीं हैं। किसान के मायने हैं कि खेत पर काम करने वाले, खेती के साथ अपने जीवन को बिताने वाले ही किसान हैं।

मैं ऐसा मानता हूं कि आज जो हमारे सामने कुछ प्रशासनिक समस्याएं हैं, शांति और व्यवस्था की समस्याएं हैं, उस के मूल में एक मुख्य कारण यह भी है कि भूमि पर भूमि-पुत्रों का अधिकार न हो कर भू-पतियों का अधिकार है। भूमि के पति जो आज बने हुए हैं जिन का खेती से कोई सम्बन्ध नहीं है आज वही भूमि-पुत्रों को आतंकित करते हैं, उत्पीड़ित करते हैं और वही आज उनकी जान और उन के मान और प्रतिष्ठा से खेल रहे हैं। मैं तो ऐसा मानता हूं कि हरिजनों के उत्पीड़न की जो बार बार घटनाएं हो रही हैं उनके पीछे भी मुख्य कारण यही है जो आज भूमि के बंटवारे में विषमता है। जो बड़े बड़े भूपति हैं वे नहीं चाहते कि किसी प्रकार भी वह खेत मजदूर जिस का जीवन पुश्त-दर-पुश्त से खेती के साथ बंधा है वह खेत का मालिक हो सके, उस का जीवन स्तर ऊंचा हो सके, उस के बच्चे का जीवन बदल सके और वह एक नये राष्ट्र में सांस ले सके। यही कारण है हरिजनों के उत्पीड़न का और हरिजनों के साथ होने वाले अत्याचार की चर्चाओं का। अगर हम ने भूमि भूमि-पुत्रों तक नहीं पहुंचायी तो कोई भी गृह मंत्री क्यों न हों, कोई भी सरकार क्यों न हो, यह चीज रुकने वाली नहीं है।

मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि मेरी वर्तमान सरकार और मेरी वर्तमान पार्टी ने सत्ता में आने के बाद कुछ इस तरह का भ्रम पैदा कर दिया है और कुछ इस तरह

का वातावरण पैदा कर दिया है कि बड़े लोग, बड़े किसान जिन्होंने जमीन के साथ नाम लिखा रखा है वे उस जमीन के मालिक हैं और जो गरीब लोग हैं, जो उस पर काम करने वाले हैं उन का कोई अधिकार उस पर नहीं है। वही बड़े लोग आज उत्पीड़न करा रहे हैं, वही हरिजनों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, वही उन के घरों को जला रहे हैं और वही उन्हें जिन्दा जला रहे हैं। ये वही भू-पति लोग हैं जो यह सब करा रहे हैं। अगर इस शासन ने इस नीति को नहीं बदला और अपनी सही नीति का प्रकाशन नहीं किया तो कोई व्यवस्था क्यों न हो, हरिजनों का उत्पीड़न कम होने वाला नहीं है।

इसलिए मैं आप के माध्यम से शासन से और माननीय कृषि मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर वह चाहते हैं कि शांति व्यवस्था ठीक रहे और हमारा राष्ट्र आगे बढ़ता जाये तो अविलम्ब हमें भूमि जोतने वालों के हाथ में देनी चाहिए। भूमि का मालिक भूमि पर काम करने वाला होना चाहिए न कि हमारे जैसे सफेदपोश लोग भूमि के मालिक रहने चाहिएं। मैं तो इस से आगे बढ़ कर सोचता हूं कि भूमि ईश्वरीय देन है, उस का कोई स्वामी नहीं होना चाहिए, उसका मालिक समाज को होना चाहिए। जब तक यह व्यवस्था नहीं आएगी तब तक एक मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य के शोषण की भावना नहीं बदलेगी और वह बड़े बड़े लोग, बड़ी बड़ी सम्पत्ति वाले, बड़ी-बड़ी भूमि वाले छोटे लोगों का बराबर उत्पीड़न करते रहेंगे। उसका रुकना असंभव हो जायेगा। इसलिए भूमि, भूमि जोतने वालों के हाथ में जानी चाहिए।

पन्त नगर की घटना घटी। मैं उसके दूसरे, तीसरे दिन वहां पहुंचा। उस के मूल में भी एक ही कारण है कि वहां के जो बड़े बड़े लोग हैं वे मजदूरों को अपना गुलाम समझते हैं। तीस तीस साल से लगातार काम करने वाले मजदूर पन्त नगर यूनिवर्सिटी में रेगुलर नौकर नहीं माने जाते और बड़े-बड़े अधिकारी तो चार चार भैंसे पालते हैं लेकिन वहां का मजदूर एक बकरी भी नहीं पाल सकता। मुझे मजदूरों ने और मजदूरों की महिलाओं ने यह कहा कि जो झोपड़ी हम अपने हाथ से और अपने खर्चे से बनाते हैं उसका किराया भी हम से लिया जाता है। यह विषमता समाज में है और उसी की देन है कि आज गरीबों पर गोलियां चलानी पड़ती हैं, उनको मारा जाता है, फूंका जाता है, उजाड़ा जाता है। मैं आप के माध्यम से बड़ी नम्रतापूर्वक शासन से निवेदन करना चाहता हूं कि शासन को अपनी नीति के मुताबिक घोषणा करनी चाहिए कि हम तमाम कार्यों के ऊपर प्रायरिटी दे कर पहले भूमि सुधार का काम करेंगे। इस मामले में मैं नहीं मानता कि हम कांग्रेस (आई) या कांग्रेस पार्टी के लोग जनता पार्टी से कुछ ज्यादा प्रगतिशील हैं। उस का एक ही उदाहरण मैं देना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश के हमारे माननीय सदस्य मंगलदेव विशारद की अध्यक्षता में एक कमेटी वहां बनी थी जिस ने अपनी रिपोर्ट दी है। उससे यह पता चलता है कि कुछ कांग्रेसी नेता ऐसे हैं जिन के पास बड़े बड़े फार्म हैं और उन्होंने 98-98 बोगस नाम उन फार्मों पर लिख रखे हैं। आज वे हमारी भूतपूर्व प्रधान मंत्री के नेतृत्व में भूमिहीन खेत मजदूरों और हरिजनों की भलाई की बात करते हैं। मैं पहले भी कहता था और आज भी कहता हूं कि वह रिपोर्ट देखने से स्पष्ट हो जायेगा कि वे लोग जो भूमि चोर हैं जिन्होंने कानून की आड़ में बड़े बड़े फार्म बचा रखे हैं वे ज्यादातर वही लोग हैं जो उस वक्त सत्ता में थे और आज विरोधी दल में हैं। वे आज हरिजनों के लिये आंसू बहा रहे हैं। मैं कृषि राज्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे उत्तर प्रदेश में जो मंगलदेव विशारद कमेटी बनी थी उस की रिपोर्ट को देखें। उस रिपोर्ट को

[श्री मही लाल]

स्टीफन साहब और साठे साहब (दोनों इस समय यहां पर नहीं हैं) के माध्यम से भूतपूर्व प्रधान मंत्री तक पहुंचा दें। उस रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे कैसे जमीन बचाई जाती है। हरिजनों के लिये जो घड़ियाली आंसू बहाए गए, उन के प्रति नकली उदारता दिखाई गई उस को बदलना अब हमारा काम है, जनता पार्टी के शासन का काम है। हम साबित कर दें कि हम जो कहते हैं सही मायने में वही करते हैं परन्तु ये लोग जो कहते हैं वह करते नहीं हैं। आज 13 फीसदी खेतिहर मजदूर जो कि झोपड़ी के मालिक भी नहीं हैं, जो कि भूमि के मालिक नहीं हैं, उन के मान-सम्मान की रक्षा के लिए उन के स्वाभिमान को ऊंचा करने के लिये अविलम्ब भूमि व्यवस्था के कार्य को भूमि के बटवार के कार्य को लिया जाना चाहिये ताकि भूमि जोतने वालों के पास जाये। इस कार्य को समयबद्ध पूरा किया जाना चाहिये।

दूसरी बात यह है कि जब भावी योजनायें तैयार हों, उन में इस बात का ध्यान रखा जाते कि शासन का खर्च कम हो। आज स्थिति यह है कि जो हमारा बजट बनता है, उस का पचास फीसदी खर्चा तो प्रशासकीय व्यवस्था पर चला जाता है, और विकास कार्यों के लिये पचास प्रतिशत ही बाकी रहता है। इस के अलावा हमारी यह नीति होनी चाहिये कि भविष्य में जो भी खेती से सम्बन्धित अधिकारी हैं, उन को मजबूर किया जाये, उन को अपनी कर्तव्यपरायणता में शामिल किया जाये कि वे कम से कम कुछ दिन गांवों में किसानों के साथ ठहरें, उन के साथ रहें और उन के साथ खायें। किसानों के रहन-सहन में उन के साथ मिल कर अपना जीवन बितायें। आज जो कृषि सम्बन्धी सरकारी अधिकारी हैं, वे अपने को अधिकारी समझ कर ही किसानों में जाते हैं, अपने को किसानों का सहयोगी समझ कर नहीं जाते हैं। भावी योजनाओं में छोटे किसानों के लिये जो कि रिअल किसान हैं, नाम के लिखे हुए किसान नहीं, उन की ओर अधिक ध्यान दिया जाये। नाम-लिखाए हुए किसानों का भी एक इतिहास है। जब एग्रीकल्चर इनकम पर छूट मिल रही थी, तो बड़े बड़े पूंजीपति लोग बड़े-बड़े फार्मर बन गये। उन्हों ने बहुत लम्बे लम्बे फार्म बना लिये और नम्बर दो की आमदनी एग्रीकल्चर में दिखलाने लगे। जब सीलिंग आ गई और जमीन निकलने का सवाल आया तो उन्हों ने पहले से ही बैंकों से करोड़ों-अरबों रुपया कृषि डेवलपमेंट के नाम पर ले रखा था और अब कम्पेन्सेशन उन को मिलेगा। एक तरफ तो उन्हों ने इन्कम टैक्स से बचने के लिये फार्म बनाये, बैंकों पर करोड़ों रुपयों की डकैती डाली और सीलिंग की बात आई तो कम्पेन्सेशन का लाभ उठायेंगे। ये जितने बड़े अपराध हैं—वे ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े किसानों की छत्र-छाया में होते हैं और उन्हीं के द्वारा कराये जाते हैं। हमारे भारत सरकार का एक अधिकारी चाइना गया था, उस ने लौट कर मुझे बताया कि वहां की गवर्नमेंट ने जनता को साथ ले कर पहाड़ों को काट कर कृषि योग्य भूमि बनाई है, जहां आज भी अच्छी पैदावार ले रहे हैं। जब कभी बाहर के लोग वहां जाते हैं, तो वे उन को अपना काम दिखाते हैं। उस जगह का नाम, जैसा मेरे साथी ने बतलाया है—"ताई-चाई" है, जहां उन्होंने पहाड़ों को काट कर भूमि को उर्वरा बनाया है और अच्छी पैदावार ले रहे हैं।

इसी तरह से यदि हम अपने किसानों को खेती पर काम करने वाले लोगों को, अपनी योजनाओं के साथ जोड़ें तो जो सफलता आज हमें खेती से मिली है, वह इस से कई गुना बढ़ती चली जाएगी। मैं बहुत बड़ी-बड़ी सिंचाई योजनाओं के पक्ष में नहीं हूं। हमारे किसान छोटे हैं, उन के लिये छोटी सिंचाई योजनायें होनी चाहियें। आज बड़ी योजनाओं की स्थिति यह है मेरे निर्वाचन क्षेत्र में एक बहुत बड़ा बांध—"राम गंगा बांध" बांधा गया

जब राम गंगा बांध वहां पर नहीं था, तब वहां के लोगों को आबपाशी के लिए पानी मिलता था, पीने के लिये पानी मिलता था, लेकिन आज वहां के किसान पानी के लिये तरसते है और इस बडी योजना का लाभ दूर के लोगों को मिल रहा है। जिन की जमीनें इस बांध के लिये ली गई, उन को उस के लाभ से वंचित कर दिया गया। मेरे निर्वाचन-क्षेत्र में गंगा, मध्य गंगा की बहुत बड़ी योजना आरम्भ हुई है, उस का भी यही नतीजा होगा कि वहां के लोगों को उस का लाभ मिलने वाला नही है। उस का पानी दूर चला जायेगा और स्थानीय लोगों को जो अपनी जमीन दे रहे है जो उन की आजीविका का साधन थी, उस से कोई लाभ मिलने वाला नही है। इस लिये मैं निवेदन करता हूं कि सिंचाई के क्षेत्र मे छोटी योजनाओं को बढ़ावा दीजिये।

अन्त में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भारत सरकार जो रुपया प्रान्तीय सरकारों को देती है, उस का आकलन होना चाहिये, मूल्याकन होना चाहिये कि जो रुपया जिस काम के लिये दिया गया है, वह उस पर खर्च भी हुआ है या नही। समय समय पर भारत सरकार को अपने प्रतिनिधियों को प्रदेशों मे भेज कर देखना चाहिये कि जिन कार्यों के लिये रुपया दिया गया है, उन पर खर्च हुआ है या नही।

समय कम है, काफी आंकडे हमारे शास्त्री जी ने पेश कर दिये है। माननीय मन्त्री जी आ गये हैं और साठे जी भी आ गये हैं। साठे जी से मेरी एक प्रार्थना है...

श्री वसंत साठे (अकोला) : क्या बात है ?

श्री मही लाल : आप जरा मंगलदेव विशारद कमेटी की रिपोर्ट मगा कर पढ़ लें, उस रिपोर्ट में आप अपनी पार्टी का रूप देख लीजिये। यही मेरी प्रार्थना थी।

अन्तिम बात मैं यह कहना चाहता हूं—छोटे किसानों की तरफ ध्यान दीजिये, उससे ही राष्ट्र आगे बढ़ेगा और जो जमीन जोतने वाले है, भू-पुत्र हैं भूपतियों को हटा कर भूमि इन भू-पुत्रों के हाथ मे दे दीजिये।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH (Nandyal): Mr. Deputy Speaker, Sir, I invite the kind attention of the Irrigation Minister. I have been provoked by an answer given by the Irrigation Minister on March 6th with regard to utilization of Krishna waters by Rayalaseema. The Irrigation Minister has thrown a bombshell and he has created a controversy in Rayalaseema and Andhra Pradesh.

Agriculture in India is a gamble without irrigation. One-third of our cultivable land is still subjected to vagaries of monsoons. Even out of 116 million hectares of cultivable area only 43 million hectares are under irrigation: and even out of 43 million hectares of irrigated area only 19 million hectares are u nder irrigation. This has resulted due to inter-State controversies that have been going on with regard to sharing of Krishna waters, a major river in our country. So, we have been pleading that since water is a natural asset, national water policy has to be evolved by the Government so as to provide surplus water to the deficit areas

With regard to allocation of waters of the major rivers there has been a dispute between the three States—Karnataka, Maharashtra and Andhra Pradesh—over the allocation of Krishna waters. They had failed to reach an agreement among themselves and ultimately it was referred to a tribunal and the tribunal gave its award in December 1973. In that award, it has been stated that the surplus water will be made

[Shri P. Venkatasubbaiah]

available to Andhra Pradesh for irrigation purposes. The award has been given in order to make up for the injustice that had been done to the Andhra State with regard to allocation of Krishna waters. This agreement having been made the then Andhra Pradesh Government had drawn up a scheme to provide irigation to Rayalaseema area; a survey had been made and a scheme also had been drawn up to take water from Srisailam hydroelectric project to irrigate the famine-stricken area of Rayalaseema. Meanwhile, through the persuasive efforts of Shrimati Indira Gandhi when she was the Prime Minister, the three State Governments agreed to provide drinking water to Madras, each contributing five TMC of water.

AN HON. MEMBER: Persuasive! She dictates.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Whatever it is, it is for the good of the country. This water was to be taken through Rayalaseema. Now the hon. Minister has stated on the floor of the House that only this scheme prevails, that is, taking water for dringing purposes to Madras city alone is the scheme before the Government. This has really caused surprise and shock. The previous Andhra Government has categorically committed itself that water for drinking purposes will be taken along the irrigation channel that is going to provide irrigation facilities to Rayalaseema. I want to know from the hon. Minister whether they have pressurized the Andhra Pradesh State Government to abandon this scheme and agree for supply of drinking water to Madras City alone. We are not against supply of water to Madras City, but at the same time it should be understood that our area is subjected to famine; it is a drought-affected area; the rainfall is erratic, it is only 17 to 22 inches per year; there is not even underground water potential. Many villages are now suffering from acute shortake of drinking water. Unless this scheme is taken up and sanctioned, I do not think that that area can ever be free from famine.

I would like to mention in this connection that, when Shri Sanjeeva Reddy, our Rashtrapatiji, stood for election from this constituency, during election the Janata Party made a solemn promise to the people of that area that water will be made available to this famine-affected area. I would like to remind the hon. Minister to honour the commitment made by his own Party. Otherwise, there will be serious repercussions in that part of the country, and we will not allow the water to pass through our territory if it is not going to benefit us in irrigation. Through this House I want to tell the hon. Minister in unmistakeable terms that that scheme has to be put through and that this Government should ask the State Government to send up the scheme for inclusion in the Sixth Five-Year Plan.

Another important point which I would like to mention is this. If Government can evolve a national water policy, it will be possible to link up big rivers so as to use their water potential. For instance, there has been a scheme to link the Godavari with the Krishna, the Ganga with the Brahmaputra, and the Ganga with the Cauvery. This linking up can be done only by evolving a national water policy. There will be immense employment potential that will be created.

The Janata Government, soon after it came to power, said that there would be a national plan for irrigation and that they would be spending something like Rs. 25,000 crores on this. I do not know whether they have completely forgotten about it and have shelved that matter. I would like to remain the hon. Minister that there is still one-third of our

cultivable area which is subjected to famine. That should be brought under irrigation, and water should be treated as a national asset and should be made available not only to the areas through which the waters flow but also to the deficit areas in this country. For instance, in States like Rajasthan and Madhya Pradesh and other States, there are places where water cannot be reached. It is the duty of the Government to see that such areas also are brought under irrigation.

Now I am speaking about allocation of Krishna waters. There is a surplus of water available in the river. According to the Bachawat Committee of ours, the quantum of water available in Krishna is estimated at 2060 t.m.c.t. Now, the water actually utilised is only 1,215 t.m.c.t. and if the on-going projects and committed projects are completed, then the fullest utilisation will be only 1,639 t.m.c.t. of water. The rest of it is flowing into the sea. I would like the Hon. Minister to bear this fact also in mind and see that water is made available to the people of Rayalaseema. The Bachawat Committe while delivering its award, has pointed out the efforts that have been made by Andhra farmers with regard to utilisation of water. I quote:

> "For historical reasons Andhra Pradesh has been enjoying the benefit of river Krishna to an extent which might appear to be disproportionate, but it has entered into the field much earlier than other States and has been able to build up its economy by bringing large tracts of land under irrigation by hard labour and valiant efforts of the people and at great cost. It is no fault of Andhra Pradesh that it has undertaken to build the economy of the State much earlier than other States."

Therefore, this is the actual state of affairs that is prevailing and I would only request the Hon. Minister again to take this fact into consideration.

Coming to agricultural production in this country, many friends on the Janata front have been congratulating the Government and the Agriculture Minister for having achieved self-sufficiency and also for having been able to export some food-grains from this country. It is not the achievement of this Government. The broad infrastructure that has been created over 30 years and the policies pursued by the previous Government have *made it posible for this* Government to achieve self-sufficiency. Whenever there is a wrong thing, they attribute it to the previous Government but whenever there is something which has happened which is to the credit of Government, they try to congratulate themselves. This is only selfcongratulatory and self-contradictory. We have to compliment millions of our Kisans and also the various people who are working in the fields and also the scientists who have made this breakthrough possible in agricultural production. Some adverse comments are being made on the Floor of the House about our scientists who have dedicated themselves to this task of making this country self-sufficient and making this country stand high and hold its head erect and walk with pride among the comity of nations. It is unfortunate that some adverse comments are being made against such eminent scholars and scientists of the country who have earned encomiums not only in this country but outside also. Such things will only demoralise the scientists They have no protection; they cannot defend themselves on the Floor of this House. I say that our scientists are second to none in this country. They have established a glorious record and our compliments should go to them for having achieved this major breakthrough.

Coming to other factors, there are two or three schemes that have brought in maximum agricultural production in this country. More particularly, the DPAV programme and the Small and Marginal Farmers Development programme have given

[Shri P. Venkatasubbaiah]

immense benefits to the people. Our friends coming from the north are speaking disparagingly about the schemes. I do not know whether their Governments have failed to implement these programmes, but so far as our States are concerned, these schemes have been implemented and the small and marginal farmers have been immensely benefited by these schemes. I want that more funds should be allotted for such schemes and that they should be made to continue.

Coming to land reforms, our State and Karnataka have been efficient enough to implement land reforms. Land reforms in these two States have been implemented and I would invite my friends to go to those States and see for themselves how land reforms are being implemented. We should not shut our eyes to the progressive policies made by the previous Government which has made it possible for this country to achieve self-sufficiency in food-grains.

Another factor I would like to impress upon the Hon. Minister is with regard to the discriminatory policy that is being adopted with regard to price fixation for sugarcane in this country. Some States are being discriminated against. There was some formula, at one time, of linking price with recovery but that has been given up. Now a premium is being given for inefficiency and no production and Kisans are being penalised for having produced more per acre. This should be given up and there should be a uniform policy. An impression is already there that the South is being discriminated against by this Government. There are various reasons to show that, and I do not want that this Government should follow that policy and create a sort of gulf between State and State. These regional imbalances must be corrected and it should be seen to that sugarcane cultivated in other area also gets the minimum price and a remunerative price.

With these few words, I would again request the Hon. Minister to give his undivided attention to the utilisation of Krishna waters by the people of Rayalaseema.

MR. DEPUTY SPEAKER: Shri AMRIT NAHATA.

SHRI AMRIT NAHATA (Pali): I have an Estimates Committee meeting: could I be called after 4 o'clock?

MR. DEPUTY SPEAKER: So, you will come back from the meeting and then speak.

श्री चन्द्रशेखर सिंह (वाराणसी) : उपाध्यक्ष महोदय, कृषि और ग्रामीण विकास के बजट पर आज चर्चा हो रही है । सर्वप्रथम मैं माननीय बरनाला जी को साधुवाद देना चाहता हूं कि कृषि और ग्रामीण विकास पर 40 प्रतिशत जो जनता पार्टी के घोषणा-पत्र में था उस को खर्च करने की बात कही गई है । लेकिन उस साधुवाद के साथ साथ यह भी कहना चाहता हूं कि साधु को कुटिल नही होना चाहिये, बल्कि साधुता का परिचय देना चाहिये । पूरे का पूरा बजट अगर आप देखेंगे तो देखने में तो लगता है कि 40 परसेंट उसमें खर्च कर रखे है । लेकिन सारा का सारा देखने के बाद ऐसा लगता है कि यह आंकड़ों का जाल कुटिलता से भरा हुआ है । और इस का प्रमाण मैं देना चाहता हूं । पिछले वर्ष जिस को हमने कांग्रेसी बजट कह कर संज्ञा दी थी कि जनता सरकार को समय नही मिला बजट बनाने का उस बजट में 37.42 पूरे टोटल बजट का खर्च किया गया था । इस साल बढ़ कर 40.29 हो गया । यानी पौने तीन परसेंट बढ़ोतरी हुई । तो यह एक कुटिलता का जाल है । इस को सही ढंग से नहीं रखा गया । क्योंकि इस में जोड़ दिया गया जो फर्टीलाइजर पैदा होगा, जो उर्वरक पैदा करने के लिये फैक्टरीज खडी होंगी, उस के जो दाम लगेंगे यह जो उर्वरक पैदा होगा उस को खेती की मद में जोड़ दिया गया क्योंकि वह खेती के इस्तेमाल के लिये होता है, इसलिये उस का पैसा भी इस में जोड़ दिया गया ।

दूसरी तरफ हैल्थ और फैमिली वेलफेयर की 75 परसेंट की जो मद है यानी 213 करोड वह भी कृषि और ग्रामीण व्यवस्था के विकास मे जोड दिया गया। उसी के साथ साथ स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज की मद मे जो रुपया रखा गया 219 करोड वह भी ग्रामीण विकास के नाम पर जोड दिया गया। मैं समझ नही पा रहा हू कि वह जो स्माल स्केल इडस्ट्रीज का क्लाज है जो 15 लाख तक का बनाये, वह स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज के अन्तर्गत आता है, क्या 15 लाख की फैक्टरी खडी करने का काम गाव का आदमी आज कर सकता है। यह कृषि की योजना फिर शहरों की तरफ ले जा रही है। योजना का मुख जो गाव अभिमुख होना चाहिये था, वह शहर अभिमुख हो रहा है। शहरो के शोषण के औजार जो गाव थे, हम समझते थे कि इस मे क्रान्तिकारी तबदीली होगी। सुधार जरुर हुआ है, लेकिन क्रातिकारी की जो भूख थी, उस के इलाज करने का कोई काम नही हुआ। इसलिये मै कहना चाहता हू कि 40 फीसदी खर्च करने की बात कर के साधुवाद का काम तो जरूर किया, लेकिन साधु को कुटिल नही होना चाहिये, उसे साधुता का परिचय देना चाहिये।

दूसरी बात मै यह कहना चाहता हू कि अगर यह मान लिया जाये कि फर्टीलाइजर खेतों मे इस्तेमाल होता है इसलिये कृषि मे जोडा जाये, तो फिर शुगर-केन, जूट और काटन को इडस्ट्री मे क्यों नही जोड़ा जाये? इस को खेती मे क्यों जोडा जाय। इस को उद्योग मे जोडा जाना चाहिये। लेकिन अगर एक ही जगह दो तर्क इस्तेमाल होते हैं, शुगर-केन और काटन को भी ग्रामीण विकास और कृषि के अन्दर जोड़ा जाता है और फर्टीलाइजर को भी उसी के अनुरुप खेती में जोड़ा जाता है तो जो तर्क फर्टीलाइजर के लिये इस्तेमाल किया जाता है अगर वही तर्क शुगर-केन और काटन के सम्बन्ध में इस्तेमाल किया जाये तो यह पैसा भी इण्डस्ट्री में चला जावेगा। इस हिसाब से कुल बजट का 31 प्रतिशत आज खर्च हो रहा है। जो 40 परसेंट खर्च करने की बात कही गई है, वह भी नही किया गया।

दूसरे मुझे यह कहना है कि कृषि को उद्योग समझना चाहिये लेकिन आज कृषि को उद्योग नही माना जाता है। जब चीनी के दाम का सवाल आता है तो कृषि मत्री कहते है कि यह मशीन की घिसावट है, यह पिराई का खर्चा है, यह गन्ने का दाम है, यह मजदूरी का मूल्य है, इस को लगाने के बाद इतना बैठता है। लेकिन अपने देश की अजीब दास्तान है, जब किसान किसी चीज को पैदा करता है तो उसके उद्योग की तरह दाम तय करने की प्रणाली नही है, उसका दाम उस तरह से तय नही होता है जिस तरह से चीनी का होता है। मै कहना चहता हू कि चीनी का दाम तो तय किया जाता है, लेकिन जिस गन्ने से चीनी बनती है, उस गन्ने का दाम का तय नही किया जाता। गन्ने की क्या कास्ट प्राइस है, लागत मूल्य क्या है, उसके आधार पर ही गन्ने का दाम तय होना चाहिये लेकिन नही होता है। जिस गन्ने से चीनी बनती है, उस चीनी का दाम जरूर तय होता है।

इसी कारण आपने देखा कि किसान को गन्ना अपने खेतों में जलाना पडा। इसी लोक-सभा में श्री ज्योतिर्मय बसु का प्रस्ताव था उसमें भी यह था कि तम्बाकू के पौधो को भी जलाना पडा। आज यह स्थिति है। इसलिये मेरा निवेदन है कि दाम नीति पर मुकम्मिल विचार होना चाहिये।

रुई से बने कपडा, तो कपडे का दाम तो तय होता है, लेकिन रुई का दाम तय नही होता है क्योकि कपडा इडस्ट्री में, फैक्टरी में और शहरो में तैयार होता है लेकिन रुई का उत्पादन खेतो में होता है। इसी तरह चीनी का निर्माण शहर में होता है, गन्ने का उत्पादन गांव में होता है। गाव में ही तम्बाकू और

[श्री चन्द्रशेखर सिंह]

कई का निर्माण होता है । इसीलिय गाव की इन चीजा का दाम कही भी तय नही होता ।

14 54 hrs

[SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN in the *Chair*]

इसी तरह स पानी के भी सवाल का आप दखे । कहा जाता है कि इस देश मे 10 करोड एकड भूमि सिचित है । इस 10 करोड एकड जमीन को जा पानी मिलता है, उसके भी कई दाम है । जा पानी लिफ्ट इरिगेशन स मिले, उसका एक दाम, जा पानी ताल सिचाई म मिले उसका दूसरा दाम, जा पानी बधे से मिले उसका तीसरा दाम और जो ट्यूबवैल से मिले उसका अलग दाम । आज चार दामा पर पानी बिक रहा है । इन चार अलग-अलग दामा के पानी से जा अनाज पैदा होता है उसका दाम जब तय होता है ता वह एक ही दाम, जब बाजार में वह बिके ता उसका एक ही मूल्य होता है ।

आपको ताज्जुब हागा कि 60 रुपया बीघा गेहू की खेती में ट्यूबवैल का दाम निर्धारित है और 15 रुपया एकड जा नहरो मे पानी मिलता है उसका दाम निर्धारित है । ता 15 रुपया एकड के पानी म और 60 रुपय एकड के पानी मे जो गेहू पैदा हो उसका बाजार में एक ही दाम तय हो तो आखिर ऐसी क्या दाम नीति हुई ? क्या सरकार इस तरह का विचार नही कर रही है कि जब गेहू का दाम एक तय होता है ता सब जगह के पानी का भी एक ही दाम हो ? कहा जा रहा है कि हमारे देश में 35 करोड एकड जमीन पर खेती होती है जिसमें से 10 करोड एकड जमीन सिचित है और 25 करोड एकड जमीन असिचित है । यह भी कहा जाता है कि इस साल रिकार्ड उत्पादन—12 करोड टन—होने वाला है ।

अगर 10 करोड एकड सिचित जमीन के बारे में माना जाये कि वहा एकोर्ड इरिगेशन है, और ठीक मात्रा मे उर्वरक का उपयोग किया जाता है तो एक एकड में दानो फसलो से कम से कम ढाई टन अनाज पैदा होता है, लेकिन मै जीभ थाम कर बोल रहा हू—वहा डेढ़ टन का उत्पादन मान लीजिए, और इस प्रकार 10 कराड एकड जमीन में 15 कराड टन का उत्पादन हुआ । इसका अर्थ यह है कि या ता सिचाई के आकडे गलत है और या 12 कराड टन उत्पादन के आकडे गलत है । मैं कहना चाहता हू कि इन आकडा की भूल-भुलैया में सरकार की प्रामाणिकता नष्ट हो रही है । कृषि राज्य मत्री श्री भानु प्रताप सिह और कृषि मत्री श्री बरनाला, जा कृषि के विशेषज्ञ है इस बात पर विचार करें ।

अगर असिचित जमीन में आधा टन प्रति एकड का उत्पादन मान लिया जाय ता हमारे देश मे 25 कराड एकड जमीन में 12 करोड टन अनाज का उत्पादन होता है । इस प्रकार कुल उत्पादन 15 कराड टन और 12 कराड टन, अर्थात 27 कराड टन होता है । यह 12 कराड टन का आकडा कहा से आया ? यह आकडो की भूल-भुलैया, यह आकडा की धूर्तता का जाल आकडो द्वार देश को बरगलाना और य लुभावने नारे उपस्थित करना समझ मे नही आता है ।

जेल मेनुअल में लिखा है कि जेलखाने में एक आदमी को 750 ग्राम अन्न मिलेगा । मै मान कर चलता हू कि सारा देश एक जेलखाना है—हा, कुछ सुधार अवश्य हुआ है — तो अगर 750 ग्राम का मल्टीप्लाई किया जाये 60 करोड से 365 दिन के हिसाब से तो इस देश के खाने के लिए 16 20 करोड टन अनाज चाहिए ।

कृषि और सिचाई मत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : 60 करोड में बच्चे भी हैं ।

श्री चन्द्र शेखर सिंह : भोजपुरी में एक कहावत है . "को खाय घोडा, की खाये रारा।" बच्चे कई बार खाते है। वे 750 ग्राम से कम नही खाते हैं। अगर मंत्री महोदय अपने और हमारे बच्चों का हिसाब लगायेंगे, तो एक बच्चे का हिस्सा 900 ग्राम हो जायगा।

जैसा कि मैंने बताया है, इस देश को खिलाने के लिए 16 20 करोड टन अनाज चाहिए, जबकि हमारे यहा उत्पादन 12 करोड टन है। इस प्रकार 4 20 करोड टन अनाज की कमी है यानी आधी जनसंख्या आज भी एक वक्त खाने पर रह रही है। या तो यह बात गलत है, और या सरकारी आकडे गलत है। मैं इन आकडो को चनौती देता हू। उन्ही के कारण किसानों को ठीक दाम नही मिल रहा है। अगर हमारे यहा 22 करोड टन अनाज का उत्पादन होता, तो किसानों को जरूर ठीक दाम मिलते। इसलिए या अनाज का उत्पादन ज्यादा है, या हमारी आधी जनसंख्या आधा पेट खा कर जिन्दा है।

श्री वसन्त साठे (अकोला) . सारी जमीन पर सिर्फ अन्न ही नही लगता है .

श्री चन्द्रशेखर सिंह : माननीय सदस्य का हिसाब ठीक नही है। 25 करोड एकड जमीन में से 10 करोड एकड जमीन पर 15 करोड टन अनाज का उत्पादन होता है। मै 25 करोड एकड जमीन को छोड कर कह रहा हू।

माननीय सदस्य श्री माही लाल ने कहा कि सभी जमीन भगवान की है। मुझे हसी आई। एक किसान ने एक खेत बनाया, डाड-मेंड बनाई, खेत को समतल किया, उस को बोया और अन्य सब काम किया। जब उस खेत में अनाज लग गया, तो वह एक पादरी को बुला कर लाया कि पादरी साहब, चलिय, हमारा खेत देखिये। पादरी साहब चारो तरफ घूमने लगे और कहने लगे कि भगवान ने बडा अच्छा अनाज दिया है। उनके बार-बार यह कहने पर आखिर किसान बिगड पडा उस पादरी साहब पर, और उसने कहा पादरी साहब, अगर भगवान ने बहुत अच्छा अनाज दिया है, हमने कुछ नही दिया, तो जब हमने यह खेत तैयार किया, उससे पहले वाले खेत की तारीफ करनी चाहिए थी---जो खेत हमने तैयार किया, उसकी तारीफ नही करनी चाहिए थी। मै कहना चाहता हू कि दस करोड एकड जमीन आज भी बजर है। उसकी तरफ कोई जाता नही। दस करोड एकड जमीन जो खेती के लायक पडी हुई है जिसको बना कर खेती के लायक करना है उसकी तरफ कोई जाता नही है।

15.00 hrs.

इसके बाद मे दाम नीति के बारे मे कुछ कहना चाहूगा। यह दाम नीति का सवाल सब से प्रचण्ड है। दाम नीति अगर तय हो जाये तो सारा मामला तय हो जाये। लेकिन मुझे लगता है कि दाम किसान को शायद कभी अच्छा नही मिलेगा। एक सेमिनार मे मैं गया था। वहां लिखा था---कृषि मूलस्य जीवनम। मुझे बडी हसी आई। मैंने कहा यहा लिखा जाना चाहिए था कि कृषि मूर्खस्य जीवनम क्योकि कृषि के पेशे मे मूर्ख लोग लगे हुए है जो जागर खपाते हैं, जेठ की दुपहरी मे आग बरसती धूप मे गन्ने की फसल पैदा करते है और फिर अपने हाथ से दियासलाई लगा कर उस फसल को जला डालते है। यह काम करने वाले किसान के बारे में जब लिखा गया कि कृषि मूलस्य जीवनम तो मैने कहा कि सारा धोखा गाव के लिए चल रहा है, एक यह भी धोखा है और वह भी सस्कृति मे लिखा गया है जिसको वहा का किसान शायद पढ कर समझ न सके।

(व्यवधान) . . . . .अंग्रेजी में लिखा जाता तो और गुड गोबर हो जाता।

तो यह दाम का सवाल बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। क्या दाम नीति तय हो, क्या गेहू

[श्री चन्द्रशेखर सिंह]

का दाम हो, क्या लोहे का दाम हो, क्या सीमेंट का दाम हो, क्या पैरिटी हो दोनों में, इसके ऊपर विचार होना चाहिए। आज आप पिछले पांच सात या पन्द्रह बीस सालों के आंकड़े देखें तो पाएंगे कि अनाज के दाम दुगुने और तिगुने बढ़े हैं लेकिन अनाज के उत्पादन में लगने वाली चीजों के दाम सात गुने आठ गुने नौ गुने तक बढ़े है।... (व्यवधान).....

मैं जल्दी कर रहा हूं। लेकिन यह हिन्दुस्तान के भाग्य से जुड़ा हुआ सवाल है। अगर कृषि न रहे तो न हम यहां रहेंगे, न आप यहां रहेंगे, न यह सदन यहां रहेगा। हवा पी कर कुछ योगी लोग रह सकते है, हम लोग नहीं रह सकते हैं। इसलिए यह मसला देश से और देश की किस्मत से जुड़ा हुआ है।

आज गेहूं का दाम 112 रुपये 50 पैसे कृषि आयोग ने तय किया है। यह कृषि आयोग क्या बला है, यह मैं समझ नहीं पाता हूं। यह कैसे सोचता है, कैसे दाम जोड़ता है, कैसे दाम निकालता है, क्या प्रणाली है इसकी ? मैं बरनाला साहब से कहना चाहता हूं कि चार पानी के दाम जो मैंने बताए क्या उस पर भी 112 रुपये पचास पैसे ही दाम आता है या कुछ उसमें और फर्क होता है ? तो इस दाम नीति पर एकदम पुनर्विचार करना होगा, नये सिरे से विचार करना होगा।.... (व्यवधान)..

मैं दो मिनट में खत्म कर रहा हूं। आज किसान को अनाज का दाम इसलिए ठीक नहीं मिलता कि बैंकों से किसान के अनाज के लिए कर्जा नहीं मिलता। मेरा एक सुझाव है सरकार को कि जो किसान अनाज पैदा करे और जो उसके घर से हो उस पर 60 प्रतिशत कर्जा उसे बैंकों से मिले ताकि वह उचित और वाजिब दाम जब मिलने लगे तब उसे बेचे न कि शादी के अवसर पर सस्ता से जा कर किसी को बेच दे।.....(व्यवधान)..

तीसरी बात फसल बीमा योजना चलायी जाय। अन्त में एक अन्तर्राष्ट्रीय घूर्तता का जिक्र करके मैं अपनी बात खत्म करना चाहता हूं....(व्यवधान)....

MR. CHAIRMAN: Please conclude. I have called the next speaker.

श्री चन्द्रशेखर सिंह : यहां एक कृषि अनुसन्धान परिषद है जिसके डायरेक्टर जनरल है श्री स्वामीनाथन। उन्होंने कह दिया कि गेहूं में उतनी ही माला लाइसिन की है जितनी दूध से है जिस पर उनको..... (व्यवधान)*.....

MR. CHAIRMAN: Don't record Hon'ble Member's remarks. I have called the next speaker. You are not being recorded.

**SHRIMATI RASHIDA HAQUE CHOUDHURY (Silchar): Madam Chairman, for various reasons I am not able to extend a wholehearted support to the report of the Ministry of Agriculture for the year 1977-78 prepared by the Janata Government.

India is an agricultural country. Nearly 80 per cent of the population depend on agriculture and therefore if we are really interested in eradicating poverty from our land we have but no other option than to think of the economic betterment of our agriculturists and the rural economy.

According to the report under discussion, the Indian Council of Agricultural Research supervises the activities of agricultural universities, animal husbandry, development of fisheries, forest etc. It is a very big department which looks after many

*Not recorded.

**The original speech was delivered in Bengali.

subjects and it would take a very long time if I am to dilate on all its activities. The time at my disposal is limited and I would only like to say this much about this organisation that they are not able to pay as much attention as is needed for the betterment of agriculture in our country. For example, the agriculturists in our country. For example, the agriculturists are often asked to produce high-yielding varieties of crops but the villages located as they are, far from the cities, do not always get the helpful assistance from this organisation and the role of the ICAR remains a hearsay to the rural agriculturists. I also feel that the financial allocations that are made for this organisation in the Ministry's budget are far too inadequate and it should be granted more funds so that it can play its legitimate role of promoting agricultural know how to the agriculturists.

Rice and paddy are the two important cereals.

As far as Bihar and U.P. people are concerned, they have been given higher prices for sugar industry for sugar per tonne because they are near to you whereas we in South India are being paid less price, which is unrealistic, uneconomic. If we start growing wheat in the South will you give this much price, will you give remunerative price? As far as we are concerned, our climate does not suit this wheat crop. If you do not give due consideration to all these things, then we are going to change our crops; we are going to take to other crops which will give us some help, some food. My factory at Bhimadole in West Godavari district, for the last four years, has been working almost to full capacity. It was constructed by me after waiting for the licence for twelve years. There, the people are grumbling because they are not getting a remunerative price for the crop and a reasonable price for sugar. People there know my sincerity and honesty. That is why they are obliging me by electing me; this was the fourth time that they had elected me. Otherwise, they could have necked me out of my constituency. I request Mr. Barnala to appoint a committee to inquire into all these things that I have pointed out.

The Bureau of Costs and Prices which had been asked to inquire into the sugar industry, have fixed six zones. Government have agreed to only those proposals which have suited them and they have not agreed to the other proposals which are beneficial to the farmers.

The previous Government also had not done well. I had charged the previous Government also because, first and foremost. I am the representative of the people. Though I have been elected on a Congress ticket. I have been elected by the people and I represent those people: therefore, I should help my agricultural community.

What is the Government's policy? Do they want to ruin all those cooperative sugar factories in the Deccan area? Do they want to favour only those capitalists in U.P. and Bihar, the owners of factories in U.P. and Bihar which are very old? There is no time for me; otherwise, I could bring several things to the notice of the Government.

Please have a Committee of persons who are interested in cooperative sugar factories including private factories, and inquire into all these things.

Government are comparing all those rotten factories which are 40 years old with the new factories that have come up, mostly in cooperatives, in the Deccan area!

I have already given one example, the economics of Bhimadole sugar mill. Government have penalised me. I want to make a humble request to the hon. Minister, Mr. Barnala. The previous Government had harmed, and this Government is also harming, the interests of cooperative sugar factories without knowing the real difficulties of the poor people.

One factory in my constituency has been constructed by me at a cost of

[Shri K. Suryanarayana]

Rs. 3 crores. Factories with the same capacity with the same machinery have come up in other States at about the same time; 20 factories have been constructed, factories with the same capacity as mine, at a cost of Rs. 4 to 6 crores. Government have fixed a formula that whichever factory has spent more than Rs. 4 crores will be given all the concessions. I have also constructed my factory with the same material. It is not that they have constructed their factories with sliver or gold. They have constructed with steel; mine is also steel. But how is it that they have spent Rs. 4 to 6 crores? This should be inquire into I have constructed my factory at a cost of Rs. 3 crores in an area of 130 acres I have been penalised. I have been deprived of the concessions. In fact, I had negotiated the cost from Rs. 4 crores to Rs. 3 crores. After 12 years I got the licence. Now it is working with almost full capacity. I do not want to deprive the farmers of their rights. In my factory, the Managing Director is a Deputy Collector. Simply because they had spent lesser money, they should not be given all these concessions which are being given to the factories who spent more. After all, how did they spend more? They managed to get the same machinery at a higher cost, Rs. 2 to 4 crores. I demand from this Government that it should be inquired into. I had demanded the previous Government also. They are no longer in office. I would ask the present Government to inquire into these things. Last year Mr. Barnala had promised me; the Finance Minister also promised me that they will certainly enquire. How could the other factories have been constructed at Rs. 4 to 6 crores. It is a fraud. It should be inquired into. I want to make this appeal to Mr. Barnala. because he is also an agriculturist. I want to request him to appoint a Committee to inquire into all these malpractices in the sugar industry and help the farmers who have put their earnings and burnt their fingers in the sugar industry, particularly in Andhra Pradesh.

MR. CHAIRMAN: I would request Hon. Members to cooperate. Otherwise, they are taking the time of their own colleagues.

श्री उग्रसेन (देवरिया) : सभापति महोदय, उधर के माननीय सदस्य ज्यादा समय ले लेते है ।

सभापति महोदय : वह उन का अपना समय है । अगर कोई माननीय सदस्य ज्यादा समय ले लेते है, तो उन के दल के और कोई सदस्य नही बोल पायेगे । अगर आप भी वही चाहते है, तो आप भी ऐसा ही कीजिए ।

श्री बटेश्वर हेमराम (दुमका) : सभापति महोदय, मै कृषि मत्रालय के अनुदानों के समर्थन मे खडा हुआ हूं । मुझ से पहले बोलने वाले सब वक्ताओं ने यह इच्छा प्रकट की है कि कृषि का कार्य अधिक से अधिक आगे बढे । लेकिन हम जानते है कि भारत मे केवल एक प्रकार के किसान नही है । उन मे से सब से छोटे किसानों की हालत बहुत ही बुरी है । बडे किसानों की हालत अच्छी होने के कारण व कृषि के लिए सिंचाई का प्रबन्ध स्वयं कर सकते है । लेकिन छोटे छोटे किसान, जिन की जमीन बहुत कम होती है, ऐसा नहीं कर पाते है । भारत मे ऐसे स्थान भी बहुत है, जहा कोई फ़सल नहीं होती है । ऐसी जमीन भी है, जिस पर लोग केवल बरसात के भरोसे ही खेती करते है । उन लोगों को साल मे आठ महीने बैठ कर खाना पड़ता है । नतीजा यह होता है कि धीरे-धीरे उन की परिस्थिति बहुत खराब हो जाती है ।

जिस क्षेत्र में सिंचाई का किसी प्रकार का प्रबन्ध नहीं है, वहां पर लोगों की हालत इतनी ख़राब होती है कि काम की खोज में उन्हें भूखे रहना पड़ता है । हमारे क्षेत्र

में ऐसे बहुत से किसान हैं जो पहाड़ों में रहते हैं और जो केवल खुरपी के जरिये खेती करते हैं। पहले जंगल उन लोगों का भरोसा थां। जंगलों से सूखी लकड़ी काट कर आस-पास के बड़े गांवों मे बेचना इन का पेशा था। अब, जगलों को सरकार ने अपने कब्जे मे ले लिया है। कब्जे में लेने के बाद जंगल के पेड़ों का कटना तो बन्द नही हुआ, वह और ज्यादा बढ गया, लेकिन उन लोगों की जो रोजी थी वह छिन गई। इस का नतीजा यह हुआ कि उन लोगों की जनसख्या धीरे धीरे—समाप्त हो रही है। जितनी जनसंख्या उनकी थी उस से आधी आज हो गई है। पिछली सरकार ने बहुत कोशिश की कि उन लोगो को काम दिया जाय लेकिन काम के सम्बन्ध मे कोई विचार नही किया। उन लोगों को ऊपर से नीचे उतारा। वहा पर झोपडी बना दी लेकिन उन के लिए काम का प्रबन्ध नही किया। उन के लिए क्या धन्धा होना चाहिए, क्या रोजगार होना चाहिए, उन्हें जमीन देनी चाहिए या नही देनी चाहिए इस सम्बन्ध मे उन्होंने कोई विचार नहीं किया। इस का नतीजा यह हुआ कि जितने भी स्थानों मे मकान बने थे वे सारे के सारे मकान धराशायी हो गए। एक भी मकान मे वह लोग बस नही सके। आज उन की हालत इतनी खराब हो गई है कि उन का शरीर भी धीरे धीरे कमजोर हो गया और भोजन न मिलने के कारण नाना प्रकार की बीमारी भी उन को होती है। यही कारण है कि उन की सख्या धीरे धीरे समाप्त हो रही है। सरकार के जिम्मे अनेक प्रकार के काम है। आज जगल लगाने का काम सरकार कर रही है लेकिन वह ऐसे जगल लगाती है जिस की फसल कुछ नही होती और जिस से जलावन का भी काम नही होता है। वहा पर जो जंगल थे उन जंगलों को काट कर लोग समाप्त कर रहे है। मै मत्री जी से निवेदन करना चाहता हू कि ऐसे इलाके के अंदर जो पेड़ लगाए जा रहे है वह ऐसे पेड़ लगाए जायं जिस की फसल खा कर वह लोग जीवित रह सकें। अगर ऐसे पेड़ लगाये जायें जैसे आम है, अमरूद है, कटहल है तो निश्चित रूप से वे लोग उस की रक्षा भी करेगे और जंगल भी वहां लगेगे। आज जो जंगल लगाए जा रहे है उस मे एसी लकडी होती है जो किसी काम की नही होती है। यही कारण है कि वह जंगल धीरे धीरे समाप्त हो रहे है।

दूसरा मेरा निवेदन यह है कि सरकार आज जिन इलाको मे धान की फसल के अतिरिक्त कोई फसल नही होती है वहा दूसरी फसल लगाने का विचार कर रही है। हम जानते है कि बिहार के ऐसे बहुत से इलाकों मे सरकार की ओर से यह काम होता है। यदि सरकार की इच्छा हो जाय तो उन लोगों की परिस्थिति ठीक हो सकती है, सुधर सकती है और उस के लिए पैसा देने की भी कोई जरूरत नही है। सरकार तो पैसा देती ही है। लेकिन योजनाबद्ध तरीके से सरकार पैसा नही देती है। सरकार ऐसे लोगो को पैसा देती है जो खुद इस काम को नही करते। कई विभागो के द्वारा यह काम होता है। एक तो जो जमीन कट जाती है, खण्डित हो जाती है, वह उपजाऊ मिट्टी बह कर समुद्र मे न चली जाय, उस को पेड बना कर रोकने के लिए पैसा देती है। लेकिन सरकार ऐसे लोगो को पैसा देती है जो कि खुद उस जमीन को बनाते नही है बल्कि दूसरे लोगो के द्वारा बनवाते है। जो ठेकेदार ठेका ले कर बनाते है वह जितना पैसा सरकार देती है उस के आधे से भी कम पैसा खर्च करते है। आज उस क्षेत्र मे हमारे बिहार प्रान्त मे बहुत से ऐसे लोग है जो चाहते है इसे करना, जिन की जमीन है वह चाहते है कि सरकार हम को पैसा दे दे तो जितना पैसा सरकार खर्च करती है उसी पैसे मे हम जमीन भी बना लें। यदि वे उस जमीन को बना लें तो उस के समतल बनाने के बाद सरकार उस में सिंचाई का भी प्रबन्ध कर सकती

[श्री बटेश्वर हेमराम]

है और उस के बाद उस मे फसल भी लगाई जा सकती है । लेकिन ऐसा न करने के कारण वह पैसा बरबाद होता जा रहा है तो मेरा निवेदन है कि सरकार इस पर आदेश दे कि जहा की जनता खुद अपनी जमीन को बना कर मिट्टी की रक्षा करना चाहती है वहा खुद जमीन वालो का पैसा दिया जाय ताकि वह जमीन बन कर के तैयार हो जाय और उन लोगो की हालत भी सुधरे । ऐसा समय भी आता है कि जिस समय उन लोगो को काम नही मिलता है । उस समय से यदि उन लोगो को काम दिया जाय तो खुद वे खेत बना लेते । वहा पर जमीन इतनी छोटी छोटी हो गई है कि हालाकि लोग चाहते है कि हम किसानो की मदद करे लेकिन छोटी छोटी जमीनें होने के कारण वहा पर कोई फसल उगाई नही जा सकती है । किसान चाहता है कि हम उस जमीन पर गेंहू की फसल उगावे लेकिन वह फसल चर जाती है । यदि उस जमीन की चकबन्दी कर दी जाय तो उस पर फसल लगाई जा सकती है । इसके लिए सरकार को योजना बनानी चाहिए । जब तक चकबन्दी का काम नही होगा, तब तक किसानो की हालत सुधर नही सकती है ।

दूसरी बात यह है कि अगर हम इस देश मे गरीबो की रक्षा करना चाहते है तो उन को जमीन देनी होगी । आज जो लोग खेती करते है उन के पास तो जमीन नही है लेकिन दूसरी तरह के भी लोग है जो कभी अपने खेत पर नही जाते, जिन्होने जमीन देखी नही, उन के पास बहुत सारी जमीन है । जमीन के अतिरिक्त उन के पास रोजगार भी है । इस लिए मै निवेदन करना चाहता हू कि अगर आप गरीबो की भलाई करना चाहते है—तो एक आदमी के पास एक नौकरी या एक पेशा होना चाहिए । जमीन जोतने वालो को जब तक जमीन नही दी जायगी तब तक उन की हालत कभी भी नही सुधर सकती है । इतना ही कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हू ।

श्री शरद यादव (जबलपुर) : सभापति महोदय, मैं कृषि मत्रालय के अनुदानों के पक्ष मे बोलने के लिए खडा हुआ हू । सब से उच्च मामला यह है कि इस देश के गाव की खेती के ऊपर कितने लोग अपने जीवन को निर्भर रखते है । यदि यह दृष्टि मिलेगी तो सारा मामला साफ हो जायगा । 70 प्रतिशत सैकडे से अधिक लोग इस देश मे कृषि पर निर्भर है । इस देश की 35 करोड एकड कृषि भूमि मे 10 करोड एकड भूमि सिंचित है और बाकी 25 करोड एकड गैर-सिंचित है । सन् 1945 मे जब देश आजाद हुआ था तो 5 करोड एकड जमीन सिंचित थी । पिछले 30 साल मे और जनता पार्टी के शासन के एक वर्ष को मिला कर इस अवधि मे 5 करोड एक जमीन पर सिंचाई की व्यवस्था हो सकी है । इस का मतलब यह है कि 150 वर्षों मे हम इस देश की सम्पूर्ण खेती को सींच सकेंगे । एक सवाल को मै निरन्तर रखना चाहता हू कि इस देश के लिए पानी कितना जरूरी है । सभापति महोदय, आप भी तो उस चम्बल वाले इलाके से है, आप को मालूम होगा कि मुरैना जिले मे जब तक पानी नही आया था, तब तक वहा खेत मजदूर की रोजाना की मजदूरी कितनी थी—सवा रुपया या डेढ रुपया लेकिन आज उन को कितना मिलता है—प्रति दिन 9 रुपये । अगर खेत बहुत कमजोर है—तो 7 रुपया । मै आप के माध्यम से मत्री जी से कहना चाहता हू कि उन के पुरखो ने अगर सब से बडा पुरषार्थ किया था —पजाब मे, तो वह पानी ही था । उसी पानी के इलाके से आप आये है । मेरी दृष्टि मे एक बात नही जम पा रही है कि हम बहुत सी चर्चाये चलाते है लेकिन इस देश की जो सब से बुनियादी बात है, वह पानी ही है । पजाब और हरियाणा

ऐसे प्रदेश है, जहा आदमियों के चेहरे खिले हुए हैं। वहां पर एक खेत मजदूर की रोज की मजदूरी क्या है ? आज सब से ज्यादा ट्रांजिस्टर की खपत वही पर है। सब से ज्यादा सड़के आप को वही मिलेगी और प्रति व्यक्ति सब से ज्यादा दूध भी आप को वही मिलेगा। किसान इस देश में सब से ज्यादा बिजली की खपत वही पर करते है। पानी जब जाता है तो विज्ञान जाता है, टैक्नालाजी जाती है और शताब्दी उस पानी के साथ बह कर जाती है। इस देश का इतिहास भी पानी के बाजू में ही करवट बदलता है। गगा-यमुना का इतिहास पानी के बाजू मे ही है। यानी पानी इस देश की सब से महती जरूरत है। यह जनता सरकार किसान के गर्भ से निकली थी, किसान से वायदा करके आई थी— मैं, सभापति महोदय, गाव से चल कर आया हू, मैंने अपनी मा के आखों मे पानी के लिए तैरते हुए अर्मानो को देखा है। आज किसान की सब से बडी चिन्ता बादल है, पानी की चिन्ता सब से बडी चिन्ता है, अगर पानी न बरसे तब भी किसान बिलखता है और ज्यादा बरस जाय तब भी किसान बिलखता है। खेत से पानी का सम्बन्ध जोरू और मर्द का सम्बन्ध होता है।

पिछली सरकार ने पानी के लिए कितना बजट रखा था— 1,032 करोड रुपया, लेकिन आप ने क्या रखा है ? जिनके पुरखे पानी वाले थे, उन की अकल पानी से नही खुली, मैं आप पर ऐसा आरोप लगाना चाहता हू, इन्होंने कितना प्रावधान किया—केवल 1,166 करोड रुपये। आप अब बतलाइये —काम कैसे चलेगा ? पजाब और हरियाणा मे आज सब से ज्यादा रोजगार है, वहा एवरेज इन्कम बढी है, इन्सानो के चेहरे वहां बदले है, 70 फीसदी आदमी खेत पर निर्भर है। पानी के मामले मे अफसरशाही ने सब से ज्यादा अच्छा काम किया है। हम अफसरशाही पर बहुत तोहमते लगाते हैं, बहुत सी बाते उस के खिलाफ़ कहते हैं, मै तो अफसरशाही के बहुत खिलाफ हूं और जानता हू कि वह अंग्रेजी की दीवार के नीचे बैठी हुई है, जिस दिन अंग्रेजी की दीवार हट जायगी, उस को सबक मिल जायगा। लेकिन उसी अफसरशाही ने यदि सब से अच्छा काम किया है, उस के काम के यदि कही अच्छे नतीजे निकले है—तो बडे कारखाने, छोटे कारखाने, इन् मे नही निकले, सिर्फ पानीवाला मामला ऐसा है जिस मे उस ने अच्छा काम किया है। जब आदमी कोई पुल बनाता है, पुलिया बनाता है, डैम बनाता है, तो उससे एक डर रहता है कि यदि यह कमजोर बनेगा, तो इस से हजारों लोग मर जायेगे, उस के अन्दर का मनुष्य जागता है, उस को डर लगता है कि इसके टूट जाने मे उसकी नौकरी को खतरा पैदा हो जायगा। इसलिए मै कह सकता हू कि पिछली तीस सालो मे सिचाई के मामले मे 5 करोड एकड हम ने जो जमीन सीची है, उस में सब से कम भ्रष्टाचार हुआ और उस का सब मे अच्छा परिणाम पजाब मे निकला। पजाब मे सब से ज्यादा छोटे उद्योग पनपे। आज हिन्दुस्तान मे साइकिलो की सख्या करोडो मे है। कितने बडे उद्योग है— कारो से लेकर ट्रैक्टर तक ठेलो से लेकर बसो तक, वाहन उद्योग में जितने मजदूर काम करते है, उस के चौगुने मजदूर साइकिल उद्योग मे लगे हुए है और इस उद्योग का ज्यादा हिस्सा पजाब मे है। आज सरकार छोटे उद्योग को बढावा देना चाहती है—लेकिन जब तक उस का बेस नही बनेगा वे कैसे पनप सकेगे।

आज हम खेत मजदूरो की बात करते है। आज नक्सलाइट कैसे पैदा होता है बडे जमीदार आज कहा जिन्दा है ? बडे जमीदार आज आप को सब से ज्यादा बिहार मे मिलेगे, गैर-सिचित इलाको मे मिलेगे। आज अगर सब से ज्यादा खेत

[श्री शरद यादव]

और जमीन की लडाई होती है तो उस मे से कौन निकलेगा, वही कगाली का मारा, गरीब खेत-मजदूर निकलेगा। याद रखना— यह देश, यह ससद् और इस के लोगो के दिमाग अभी भी ठीक नही हुए है। यह कगाली का समुद्र, जो आज हिन्दुस्तान मे बढ रहा है, ये तामान्ती-टापू याद रखे, ये ज्यादा दिन नही बचेंगे, ये उस मे निश्चित रूप से बहेगे, । लेकिन यह देश इतना क्रूर हो गया है कि जिस तरफ ध्यान देना चाहिए, उस तरफ ध्यान नही दे रहा है। आज हिन्दुस्तान के आदमी का तन पाच हजार साल से पिघलता है। यह तीस वर्षो का राज, जो आजादी का राज रहा है, गाधी जी की कुर्बानियो का राज था, भगत सिह की कुर्बानियो का राज था, उन की कुर्बानियो के बाद जो राज कायम हुआ, उस का दिमाग अभी तक दुरुस्त नही हुआ है, वह आज भी अजीब तरह से, हर तरह से मजबूरी बतलाता है। अभी हमारे स्टेट मिनिस्टर कह रहे थे— गन्ना ज्यादा पैदा कर लिया, क्यो पैदा हुआ? आप ने किस तरह की योजना बनाई जो ज्यादा पैदा हो गया? कल गेहू ज्यादा पैदा होगा— तब भी इसी तरह की बात कह देना। आज कृषि मत्री जी के एक जवाब से मै चौक गया—प्याज और लहसुन इस देश मे कितना पैदा हुआ है, इस की उन को खबर ही नही है। ज्यादा पैदा हो जायगा, तो फिर झूठे-सच्चे आकडे इकट्ठे करेगे, फिर देश को कहेगे कि ज्यादा मत पैदा करो।

•

इस देश का किसान सब से ज्यादा मुफलिस किसान है। बहुत से हमारे साथी यहा पर बहुत सी बात कह चुके है, इसलिए मै बहुत ज्यादा नही कहूगा लेकिन यह कहना चाहूगा कि फसल के मौके पर जो भाव तय होता है, 112 रुपये 50 पैसे प्रति क्विटल इस सरकार ने गेहू का भाव रखा है और यह कहते है कि यह पार्टी किसानो की पार्टी है, किसान के गर्भ से आई है। मुझे तो ऐसा नही लगता लेकिन अगर आई है, तो बेईमान, कपूत औलाद है, कुजात औलाद है। मैं यह आरोप लगा रहा हू। इन्होने जो 112 रुपये 50 पैसे का भाव रखा है, इस पर बाद मे बहस करूगा। 7 सैकडा, फसल मे जो पैदा होता है, वह गोदामो में रखा जाए और सैकडा बैंक उस को लोन दे दे, यह काम आप कर सकते है। कृषि के लिए बैंक है और आपने कई तरह के बैंक खोले है लेकिन मैं आप को यह बता दू कि कृषि के लिए 1976 मे 432 करोड रुपया स्टेट बैंक ने दिया है और 796 करोड रुपया आप के जो सरकारी राष्ट्रीयकृत बैंक है, उन्होंने दिया है और बडे उद्योगो को 5383 करोड रुपया दिया गया है। आप देखे कि कैसा उलट खापडा है हम लोगो का। इस देश का 70 सैकडा आदमी, जिस कृषि पर जीता है, उस के लिए क्या लोन दिया जाता है और जो बडे उद्योग है, उन का कितना मिलता है और वहा पर कितने लोगो को रोजगार मिलता है। उन मे इतने कम लागो का राजगार मिलता है और उन को हमने 5,383 करोड रुपया दे दिया। यानि कितना पलट खापडा है? यह देश किसका है। यह देश कुछ सम्पन्न लोगो का ही है और हमारे जैसे जो लोग यहा आ गये है, वे तो छले जा रहे है। हमको तो ऐसा लगता है कि हमारी जिन्दगी यहा झूठ के आधार पर जीती है, झूठे बहानो पर जीती है। मजबूरी तो है और वह हर आदमी के सामने होती है। अगर वह न होती तो आप की जरूरत न होती, अगर देश कगाल न होता, तो आप की जरूरत न होती और जनता आप को चुन कर सरकार न बनाने देती। तो मजबूरी का सवाल उठाया जाता है और मजबूरी न होती तो हम सब को चादर ओढ कर देश में सोना चाहिए था। सकल्प चाहिए। आप कहते है कि 10 वर्ष मे बेरोजगारी समाप्त कर देगें। मैं कहता हू कि इस देश का सारा मामला रुका हुआ है,

सिंचाई के बगैर। आज सिंचाई की बहुत कमी है लेकिन उस के लिए बहुत कम पैसा आप ने दिया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि आप कहते हैं कि 10 वर्ष में रोजगार देंगे। मैं कहता हूं कि रोजगार बरसेगा। मैं आप को टैक्नोलाजीकली बता रहा हूं। अगर इस देश मे पानी की, सिंचाई की व्यवस्था ठीक हो जाए, तो इस देश में रोजगार बरसेगा। जमीन की कमी का सवाल नही है। जापान में एक व्यक्ति के पास कितनी जमीन है। वहा पर एक आदमी के पास 0.05 हेक्टेयर जमीन है और हिन्दुस्तान में एक व्यक्ति के पास 0.32 हेक्टेयर जमीन है यानी यहा पर वहा के मुकाबले में 6 गुना जमीन एक आदमी के पास है लेकिन जापान की क्या स्थिति है। वह ब्रिटेन से, यू० के० से चार गुना ज्यादा पैदा करता है, अमेरिका से 10 गुना ज्यादा पैदा करता है और रूस से 16 गुना ज्यादा पैदा करता है। इस का मतलब यह है कि हमारे पास जमीन की कमी नही है। हमारे कुछ साथी डेजर्ट की चर्चा कर रहे थे यानी सैकेन्ड गियर लगाए बगैर थर्ड गियर लगाओ। कैसी मूर्खता की बात है, हमारा दिमाग ऐसा हो गया है। बात आगे बढ़ न पाए, उस में पचास चीजें जोड़ देते है और फिर से कंगाली के घेरे में। यह हमारा दिमाग है। जब भी कोई सवाल आगे बढता है, तो हम चालाकी से उस सवाल को रोक देते है। तो मै यह कह रहा था कि जमीन हमारे पास है और जापान से ज्यादा हमारे पास जमीन है लेकिन जरूरत हमारी संकल्प शक्ति की है। हमारी संकल्प शक्ति कमजोर है। 10 साल में रोजगार देंगे, यह गोल-गोल बातें होती है और गोल-गोल आश्वासन होते है। मैं कहता हूं कि 10 वर्ष मे आप रोजगार देने की बात कर रहे है, लेकिन अगर आप पानी का इन्तजाम कर दें, तो इस देश की एक एक इंच जमीन को हम सींच कर रख देंगे और फिर अपने आप रोजगार का इन्तजाम हो जाएगा, अपने आप सड़कें पहुंच जाएंगी, अपने आप पानी पहुंच जाएगा, अपने आप बिजली पहुंच जाएगी, अपने आप विज्ञान पहुंच जाएगा और अपने आप टेक्नोलाजी पहुंच जाएगी। हमारा देश क्रूर देश है। 20 वीं शताब्दी में यह जिन्दा है लेकिन 20 वी शताब्दी ससद तक ही है, दिल्ली के कुछ पोश होटलों में, कुछ पोश मकानों में है लेकिन सडको पर हम निकलेंगे तो शताब्दी बदल जाएगी। आगे बढ जाएगे कगालो के इलाके में चले जाएगे और और आगे बढ़ जाएंगे तो शताब्दी घटती चली जाएगी। हमारा हिन्दुस्तान ऐसा मुल्क है कि जहा पर जगदलपुर में इंसान नगा रहता है, यहा जो शताब्दी चल रही है वह जगली शताब्दी चल रही है। हमरा सिर शर्म से नही झुकता है। हम बकवास करने से बाज नही आते है। इस वास्ते सिचाई वाला जो मामला है जो रुका पडा है उसकी रूकावट को आप दूर करें और उसको सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

सरकारी आकडो मे क्या गड़बड है और अफसरशाह किस तरह से धोखा देते है इसकी एक मिसाल मै आपको देना चाहता हू। यह सब जनता को धोखा देने के लिए किया जाता है। जो जनतंत्र हमारा चल रहा है इसको आप देखें। तीन मंत्रालय तीन तरह के आंकड़े खेत मजदूरों के बारे मे दे रहे है। श्रम मंत्रालय कहता है कि हिन्दुस्तान मे आठ से नौ प्रतिशत इनकी संख्या है। कृषि मंत्रालय जिस के अनुदानों की मागो पर बहस चल रही है कहता है कि वे 16.7 सैकड़ा है और गृह मंत्रालय कहता है कि 21 सैकड़ा है। तीन मंत्रालय और तीन तरह के आकड़े। कहीं तो हम संजीदा हों, कही तो हमारा मन गंभीर हो। क्यों नही ऐसा हो रहा है। आप दस बरस में बेरोजगारी समाप्त करने की बात कहते हैं, एजुकेशन की बात कहते हैं, शताब्दी तोड़ने की बात कहते है मै कहना चाहता हूं कि यह सब कुछ हो सकता है अगर आप सिंचाई वाले मामले को सब से ऊंची प्रायोरिटी दें। यदि किसानों के वास्ते आपके दिल में दर्द है तो यह चीज आपको करनी ही होगी।

[श्री शरद यादव]

यहां का किसान पुरुषार्थी है, सब कुछ जानता है, उसका इससे विवेक, उसकी बुद्धि, उसकी विद्या सब कुछ जगेगी। उसी से उसकी उन्नति होगी। उसी से जमीन का बटवारा भी होगा। आज तो इस बटवारे की चर्चा ही बन्द हो गई है। ऋण मुक्ति की चर्चा, खेती के सुधार की चर्चा आप नहीं करेंगे तो मुल्क की गरीब जनता करेगी, जरूर करेगी। उनसे बड़ा इसान देश मे कोई नही है। उनकी बड़ी सख्या है। उन पर ध्यान नही देंगे तो वे अपने आप अपने ऊपर ध्यान देंगे। पानी वाले सवाल पर सब से ज्यादा आपका दिमाग साफ होना चाहिये। पानी से देश की बुद्धि विवेक, विज्ञान, टेक्नोलोजी, देश का चेहरा, एवरेज इनकम सब कुछ बदलेगा। उसी पर आप सब से कम ध्यान दे रहे हैं, उसी पर आप सब से कम पैसे खर्च कर रहे है। आप कहते हैं कि चालीस सैकडा पैसा इस बार आपने उस काम के लिए रखा है। लेकिन इस मे फर्टिलाइजर बनाने के लिए ज्यूट, चीनी और तमाम चीजो पर जो रिसर्च होगा, उसके लिए जो काम होगा, जो उस पर खर्च होगा, शामिल है। उसको भी आपने इस मे शरीक कर लिया है।

एक स्वामीनाथन साहब बैठे हुए है विज्ञान और टेक्नालाजी के विशेषज्ञ। कृषि के जानकार है। कई बार उन्होने झूठ दे कर इनाम भी ले लिए है। उनके रहते दो वैज्ञानिको ने सुवेसाइड कमिट कर लिया है। देश की सेवा करने के लिए वे कहते है कि जिन्दा रहने से मरना अच्छा है। जहर खा कर वे मर गए है। उन्होने सुवेसाइड कमिट कर लिया है।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) यह सही नही है।

श्री शरद यादव मरने के तीन दिन पहले उन्होने जो स्वामीनाथन साहब को पत्र लिखा उसको आप देखे। आपको दया नही आती? आपकी दया मालूम पडता है कि सूख गई है। डाइग डिक्लेरेशन उन्होने जो दिया है उसको आप नही मानेंगे? जिन्दा आदमी की बात को आप मानेंगे लेकिन जो मर गया है और जिस ने डाइग डिक्लेरेशन दिया है, उसको आप नही मानेंगे? पहले ही सेंटेंस मे उन्होने कहा है :

"My dear Dr Swammathan, It has become impossible for me to bear the happenings around me in the recent past" डिटेल से मैं बताता हू कि उन्होने क्या क्या कहा है। एक-एक करके उन्होने दिया है और आप कहते है कि गलत है। क्या यह रिश्तेदारी की बात है? Administrative bottlenecks are so many and often humiliating ह्यमिलेटिंग शब्द का उन्होने इस्तेमाल किया है। उसी वास्ते तो सुवेसाइड होता है। क्या कोई मरता है? क्यो कोई जिन्दा नही रहना चाहता है? जब आदमी का ह्यमिलिएशन का सामना करना पडता है तो इससे अच्छा वह मरना पसन्द करता है। मरने वाला डाइग डिक्लेरेशन दे, दो दिन पहले जो कुछ उसने लिखा है उस पर आप विश्वास न करें तो इसका मतलब यही निलकता है कि आप मे दया सूख गई है। ऊपर के माइड से ही आप ऐसी बात कह रहे है जो ठीक नही है। वैज्ञानिका के रास्ते मे अगर कोई बडा वैज्ञानिक रुकावट पैदा करता है तो विज्ञान कार्य अवरुद्ध होता है। मै इजीनियर हू, मै जानता हू, जब हजारो वैज्ञानिक लगते है किसी काम मे तो ही कोई बडा टैक्नोलाजिस्ट पैदा होता है। एक वैज्ञानिक से कोई टैक्नोलाजिस्ट पैदा नही होता है। मैं चेतावनी देना चाहता हू। वह अलग होने वाले है। उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। देश मे बेरोजगारी है। हजारो साइंटिस्ट हमारे देश मे है। उनको एक्सटेंशन नही दिया जाना चाहिये। क्या हिन्दुस्तान की बुद्धि बिक गई है? क्या अकेले उनको ही रख कर हमारा काम चल सकता है उनके बगैर नही चल सकता है। अगर उनको सेवा करनी है तो बिना एक्सटेंशन के घर मे

बैठ कर भी कर सकते हैं । हजारो लोग बेरोजगार है । उन्होने कहा हैं जो कि इंडियन एक्सप्रेस में आया है कि मेरा छपना है, मेरे को रखने के लिए मत्रियो, मुख्य मत्रियों, पता नही किन किन लोगो ने कहा है और कौन कौन लोग कह रहे हैं । आप ही बडे काबिल आदमी पैदा हुए ? आपके रहते दो आदमियो ने आत्म हत्या कर ली । तो टेक्नोलाजी के क्षेत्र मे जिस तरह से आपने उनको 10 जगहों पर बैठा रखा है और वह भी प्रभावशाली जगहो पर, वहा से उनको तत्काल हटाना चाहिये । यदि रिटायर हो रहे है तो उन्हे हटाना चाहिये । यह देश बाझ नही है । इसमे बहुत से वैज्ञानिक लोग है ।

इन शब्दो के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हू कि कुछ थोडा सा समय आपका मैंने ज्यादा ले लिया ।

सभापति महोदय . कुछ एडजस्टमेंट के लिये सदस्यो ने प्रार्थना की है तो मै साढे 6 बजे एडजस्ट कर लूगा ।

श्री राम सागर (सेदपुर) माननीय सभापति जी, निःसदेह हमारे देश के वैज्ञानिकों ने कृषि के क्षेत्र मे हमारे देश को बहुत कुछ दिया है । हम उनको धन्यवाद देते है और कृषि मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट का समर्थन करते है, और समर्थन इसलिये नही करता हू कि मै जनता पार्टी का लोक सभा का सदस्य हूं । उसमे खास बात यह है कि लगभग 31 साल की स्वतत्रता के इतिहास मे यह पहला बजट है जब हमने शहरो से गाव की तरफ आगे बढने के लिये कदम बढाये है । हमारे बजट का 40 फीसदी देहात मे रहने वाले 80 प्रतिशत लोगों के लिये निर्धारित करना यह इस बात का सबूत है कि यदि जनता पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ईमानदारी से काम किया और जितना बजट इन्होंने निर्धारित किया है उसका सदुपयोग किया, नौकरशाही के ऊपर नियंत्रण रखा, उसमे भ्रष्टाचार न पनपे इस पर कंट्रोल किया तो निश्चित रूप से हमारे देश का वह किसान जो सदियों से बरबादी की चक्की में पीसा जाता रहा है वह अब आगे बढेगा । जिस देश का किसान गरीब रहता है वहा की सारी अर्थ-व्यवस्था चौपट हो जाती है, और जिस देश के किसान की आर्थिक अवस्था अच्छी होती है, पैसे वाला होता है उस देश मे हर चीज मार्केट को प्रोवाइड करता है । अगर किसान के पास पैसा न रहे तो देश मे किसी प्रकार के उद्योग धधे नही चल सकते है । अगर उसके पास पैसा है तो देश के सारे उद्योग धधे चलेगे । अगर उद्योग धधो मे माल तैयार होता है और देहात का आदमी गरीब है तो तैयार हुआ माल जहा का तहा पडा रहेगा और पैसे के अभाव मे वह गरीब बेचारा परेशान रहेगा । इसलिये जितना बजट जनता पार्टी की सरकार ने निर्धारित किया है मै मत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि केवल बजट का निर्धारण कर देने मात्र से ही हमारे देश की तरक्की नही होगी । उसका ठीक ढग से उपयोग होना चाहिये, और उसके बाद ही हर खेत को पानी, हर हाथ को काम इस किस्म की व्यवस्था होगी तब हमारा देश निश्चित रूप से तरक्की करेगा ।

बडे अफसोस के साथ कहना पडता है कि हमारी पिछली सरकार ने किसानों के लिये हरित क्राति, जय किसान का नारा लगाया था, लेकिन जब बजट के अलोटमेंट का प्रश्न आता था तो निश्चित रूप से बगले झांकने लगते थे । इसका नतीजा यह हुआ कि 30 साल के स्वतत्रता के इतिहास मे देश की हर मुसीबत से जूझने वाला किसान का बेटा भिखारी रहा और पूजीपति जिन्होंने कभी भी किसी मुसीबत मे आगे आ कर साथ नही दिया, लखपति से करोडपति और करोडपति से खरबपति होता चला गया । यह हमारे देश का आर्थिक नियोजन है । मैं कृषि मत्री जी से कहूंगा कि दरअसल मे अगर आपने 40 फीसदी बजट का निर्धारण देहात की

[श्री राम सागर]

तरक्की के लिये किया है तो हमे निश्चित रूप मे जैसा माननीय शरद यादव ने कहा है सारे देश की एक एक इच जमीन को एक निश्चित अवधि मे पूर्ण रूप से सीचने की घोषणा करनी चाहिये । और अगर धरती की प्यास को हमने बुझा दिया तो हम दुनिया मे अपना सर उठा कर चल सकते है । कृषि की व्यवस्था ठीक न रहने के कारण, सिचाई की व्यवस्था ठीक न रहने के कारण ही हम दुनिया के बाजारो मे भिक्षा देहम भिक्षा देहम कर के भिक्षा मागते है। लेकिन मै कहना चाहता हू कि अगर सिचाई मत्री जी ने, जनता पार्टी की सरकार ने ईमानदारी से काम किया तो दरअसल म अन्न के मामले मे स्वावलम्बी ही नही बल्कि दुनिया के दूसरे देशो को भी अन्न देने मे सक्षम होंगे, यह हमारा पूरा विश्वास है ।

मैं आकडो की तरफ न जाकर कुछ नीतियो की तरफ सिचाई व कृषि मत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हू । पिछली सरकार ने गेहू का भाव 105 रुपये क्विटल निर्धारित किया था आपने पिछले साल 110 रुपये तय किया और इस साल 112 रुपये 50 पैसे कर दिया । मै निवेदन करना चाहता हू कि जब किसानो की फसल तैयार हो जाती है ता उस समय भाव की घोषणा करना किसान के लिये हितकर नही होता । किसानो की फसल का फायदे मे पैसा मिले, इसके लिये कम से कम 6 महीने पहले यानी रबी की फसल के लिये खरीफ की फसल के समय और खरीफ की फसल के लिये रबी की फसल के समय दामो की घोषणा करनी चाहिये ।

आप देखेंगे कि 112 रुपये 50 पैसे किसानो के गेहू की कीमत निर्धारित कर के अपनी पीठ थपथपाना कोई वाहवाही नही होती । आज हिन्दुस्तान के किसी क्षेत्र मे देखिये किसानो की खेती पर जो लागत आती है, पानी, बजली, खाद और उसकी मेहनत मिलाकर 115 रुपये क्विंडल से लेकर 120 रुपये क्विटल तक लागत आती है । यह उसकी एवरेज आती है । ऐसी हालत मे 112 रुपये 50 पैसे गेहू का दाम निर्धारित कर देना यह किसानो के लिये कोई सुख-सदेश देने वाली बात नही है ।

हम निवेदन करना चाहते है कि अगर किसानो की तरक्की आप करना चाहते है, आप चाहते है कि वहा उद्योग धंधे फूले फले, हम शहरो से देहातो की तरफ बढे, देहात मे रहने वाले 80 फीसदी लोगो की तरक्की के लिये कदम बढावे तो इस 112 रुपये 50 पैसे से काम चलने वाला नही है । किसान के गेहू की कीमत 125 रुपये क्विटल होनी चाहिये । अगर उससे कम आप देगे तो किसान के साथ बहुत बढा विश्वासघात होगा । आप खरीद की घोषणा तो करते है लेकिन हम देखते है कि खरीद केन्द्रो की बडे रूप मे स्थापना नही की जाती है । किसानो को भले ही कम दाम मिले, लेकिन उनके गेहू की खरीद के लिये जब सरकारी खरीद केन्द्र भी नही होते तो उनका बडी कठिनाई होती है जिसकी वजह से वह अपना गेहूं सस्ते दामो पर भी नही बेच पाता । खरीद केन्द्रो की सख्या बहुत कम है ।

हमारी उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोषणा की कि गन्ना बहुत बडी मात्रा मे है, अगर मिल नही लेगी तो किसान अपने घर मे गुड तैयार करे हम गुड की खरीद करेगे। 112 रुपये क्विटल गुड की खरीद की कीमत निर्धारित कर दी गई, लेकिन कही भी गुड खरीदने के केन्द्र नही खुले । इस प्रकार की घोषणा से क्या लाभ होता है । आपकी घोषणा केवल कागज पर ही सीमित न रहकर हिन्दुस्तान की धरती पर जाये, किसानो के बीच मे जाये, तभी उनकी तरक्की हो सकती है, अन्यथा उनकी कोई तरक्की नही होगी ।

इसके अलावा आप देखेंगे कि हिन्दुस्तान में हर चीज इन्श्योर्ड है । कहीं आग लग जाये या कुछ हो जाये, जिनका माल इन्श्योर्ड है, उनको पैसा मिल जायेगा, लेकिन खुली जमीन के नीचे तपती धूप में, जाड़ों की ठंडक में और बरसात के पानी में खून-पसीना एक कर के, सिर पर कफन बांध कर किसान जो खेती करता है, उसके खेत में आग लग जाये, पाला पड़ जाये, ओले पड़ जायें और उससे उसकी फसल नष्ट हो जाये तो उसकी उपज की बीमा का कोई उपाय नहीं है । अगर जनता पार्टी और माननीय कृषि मंत्री की नियत साफ है तो किसानों की फसलों का निश्चित रूप से बीमा होना चाहिये ।

हमारे पिछली सरकार के भाई लोग भूमि-सुधार की बातें करते है, लेकिन एमर्जेन्सी के जमाने में लोगों को भूमि देने का इतने जोर से ढिंढोरा पीटा गया, जिसकी हद नही, लेकिन हम लोग जो फील्ड वर्कर है, क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता है जब हिन्दुस्तान में घूमे और देखा तो पता लगा कि 75 फीसदी जमीन लोगों को ऐसी जगह दी गई है जहां नदी का पानी भरा हुआ है, टीलों पर दे दी है, बिल्कुल ऊपर पट्टी दे दी है जहां कि कभी कुछ पैदा ही नहीं हो सकता । कई जगह मुसलमान भाइयों के कब्रिस्तान दे दिये गये है जहा कि मुस्लिम दंगे भी हो सकते थे । जो कुछ अच्छी जमीन लोगों को दी गई है, वह आज भी उन भूमिहीन गरीबों को नही मिली, उनके हाथों में नही पहुंची बल्कि बड़े-बड़े भूमिपति उस पर कब्जा कर के बैठे है ।

18.13 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

सन् 1972 में उत्तर प्रदेश की बात मै बता रहा हूं कि किस के पास कितनी जमीन है, सीलिंग के बाद कितनी नाजायज जमीन किस के पास रही, इसका पता लगाने के लिये माननीय श्री मंगल देव विशारद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनी । श्री विशारद 1967 में संविद सरकार के मंत्री थे और गरीबों के बड़े तपे-तपाये नेता थे । उन की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने हर तहसील और परगना में जा कर, देहात में पैदल चल कर, पूरी स्थिति का मुआयना किया और उत्तर प्रदेश के बीस बड़े भूमि-पतियों को पकड़ा, जो बड़े बड़े चोर है, जो समाजवाद का नारा लगाते है और हरिजनों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते है । अगर आप की इजाजत हो, तो मैं उन के नाम पढ़ देता हूं । **(व्यवधान)**

(1) मजीठिया परिवार, गोरखपुर : 3131.71 एकड

(2) गणेश शुगर मिल्स, आनन्दनगर गोरखपुर . 808.19 एकड

(3) बहेड़ी शुगर वर्क्स, बरेली : 2129 एकड

(4) अपर गैंजिज शुगर मिल्स, स्योंहार जिला बिजनौर : 3336 एकड़

(5) रामगढ़ फार्म्ज एंड इंडस्ट्रीज कलकत्ता (जो उत्तर प्रदेश में स्थित है) : 5539 एकड

(6) सर्वश्री मोहनलाल, जभूषण लाल, जितेन्द्र लाल, सत्येन्द्र लाल, पुत्र श्री बनारसी दास, ग्राम भीरु नाला, जिला बिजनौर · प्रत्येक के पास 634 एकड

(7) एग्रीकल्चरल फार्म शुगर मिल, धामपुर, जिला बिजनौर : 1256 एकड

(8) राजा भगवती सिंह, रामगढ़, जिला इलाहाबाद : 1444 एकड

(9) कुंवर चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह, इलाहाबाद : 4522 बीघे

[श्री राम सागर]

(10) राजा युवराज सिंह, आयल खीरी 2510 96 एकड

(11) हिन्दुस्तान शुगर मिल गाला गोकर्णनाथ खीरी 2766 31 एकड

(12) कनकला फाम एड फारेस्ट लिमिटेड खीरी 3956 05 एकड

(13) सरदार जागेन्द्र सिंह निवासी गगहा जिला बहराइच 2260 70 एकड

(14) रानी चद्रावती देवी निवासी घाट पयागपुर जिला बहराइच 1242 47 एकड

(15) एसकाट फाम लिमिटिड काणी पुर जिला नैनीताल 1382 47 एकड

(16) राजा दिनेश सिंह कालाकाकर प्रतापगढ 760 एकड

(17) कुवर उदय सिंह भदरी प्रतापगढ 9?4 एकड

(18) राजा रावेन्द्र प्रताप सिंह मनकापुर गोडा 2128 एकड

(19) महाराजा बटेश्वरी प्रसाद सिंह बलरामपुर गोडा 2853 44 एकड

(20) यह है हमारे सब से बड़े समाज वादी गरीबो के नाम का ढढोरा पीटने वाले—पडित कमलापति त्रिपाठी। दक्षिणाचल में गोपालपुर फाम मिर्जापुर 4532 एकड

अन्त म मै कृषि मत्री स निवेदन करूगा कि वह मगलदेव विशारद कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन कर और उसे उत्तर प्रदेश मे लाग करवायें। उत्तर प्रदेश की हालत को सुधारने के लिए कोई और कमीशन नियुक्त करने की आवश्यकता नही है। (व्यवधान) मैं आप का धन्यवाद देता हुआ हू।

SHRI SAUGATA ROY (Barrackpore) On a point of order Is it Parliament or a place where some people are watching wrestling match?

MR SPEAKER There is no point of order

श्री रामधारी शास्त्री (पदरौना) अध्यक्ष महादय मै कृषि मत्रालय के अनुदानो का समर्थन करने के लिए खडा हुआ हू।

इस विषय का सीधा सीधा ताल्लुक कन्याकुमारी स ले कर काश्मीर तक और आसाम स ले कर गुजरात तक फैले हुए लाखो गावो म रहने वाले इस देश के 80 प्रतिशत नागो से है। इस देश के 45 करोड लोग खेती पर आधारित है। पिछले तीस वर्षों म उन की क्या स्थिति रही है और आगे यह सरकार उन के बारे मे क्या करने जा रही है इस की ओर मै कृषि मत्री और सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हू। यह सही है कि हर साल के बजट में कुछ न कुछ पैसा कृषि पर खर्च हुआ है मगर उस की कोई दिशा नही रही है। हमारे यहा बराबर यह झगडा चला आ रहा है—गेहू और गुलाब का। गेहू से मतलब हमारा गावो स है और गुलाब स हमारा मतलब शहर से है। हमेशा से यह झगडा रहा है। सरकार की जो दिशा अब तक रही है वह गावो पर आधारित शहरो की तरक्की की रही है जिस का नतीजा यह है आप का आश्चर्य होगा कि 1951 में कृषि पर निर्भर रहने वाले प्रति व्यक्ति की आय 197 50 पैसे थी जो घट कर के 195 5 पैसे 1977 मे हो गई है। आप अन्दाजा लगाए कि 1951 में 197 रुपए 50 पैसे कृषि पर निर्भर रहने वाले प्रति व्यक्ति की आमदनी 2 रुपये से घट कर के 1977 में 195 5 पैसे हो गई है। इसी तरह उद्योग में देखें 1951 में उद्योग

पर आधारित रहने वाले प्रति व्यक्ति की आमदनी 399 रुपये थी जो 1977 में बढ़कर के 811 रुपया हो गई। इसी तरह से आप देखेंगे कि 1951 में गांव और शहर की आमदनी में एक और दो का अनुपात था, मगर तीस वर्षों की तरक्की के बाद जिस की कि हमारे विरोधी साथी बहुत डींग मारते हैं, एक और चार का अनुपात हो गया है। गांवों में एक रुपये की आमदनी है एक आदमी की तो शहरों में 4 रुपये की वह हो गई है। गांव और शहर के बीच इस तरह एक बड़ा भारी अंतर पैदा हो गया। यह क्यों हुआ? आप इस को देखेंगे तो पता लगेगा कि जितने ये नेशनाइज्ड बैंक हैं जिन के लिए बड़ा ढिंढोरा पीटते हैं कि गांव वालों को कर्ज देंगे, सारे कर्जे का केवल दस प्रतिशत कृषि पर ऐडवांस हुआ है। नेशनाइज्ड बैंकों का केवल दस प्रतिशत रुपया कृषि पर खर्च हुआ है।

इसी तरह से आप देखेंगे कि 1947 में 19.7 प्रतिशत जो खेत थे वह सिंचित थे और तीस वर्षों में उन की औसत बढ़ कर 29 प्रतिशत हुई है। तीस वर्षों के कांग्रेस के राज में केवल दस प्रतिशत जमीन और सिंचाई में आई है। बिजली का हाल देखें। बिजली जितनी इस देश में पैदा होती है उस का केवल 14 प्रतिशत कृषि को मिलता है। बाकी सारी बिजली शहरों और कारखानों को मिलती है, बिरला और टाटा को मिलती है जिस के बारे में आगे चल कर मैं बताऊंगा। यही नहीं, जितने डाक्टर हैं देश में उस में से केवल 20 प्रतिशत डाक्टर देहातों में है और जितने बेडस हैं हास्पिटल्स में उसका केवल 30 प्रतिशत देहातों में है और बाकी 70 प्रतिशत शहरों में है। जितना रुपया वाटर सप्लाई पर खर्च हुआ है उसका केवल 31 प्रतिशत देहातों में खर्च हुआ और बाकी सारा का सारा धन शहरों में खर्च हुआ है जिस के कारण आज हम इस अधोगति को पहुंचे हैं।

मेरे एक मित्र ने कहा कि यह जो अनाज में आत्म-निर्भरता आई है वह जनता सरकार की वजह से नहीं, कांग्रेस सरकार की वजह से आई है। उसका हिसाब भी देख लें, 1925 तक हिन्दुस्तान बाहर के देशों को अनाज भेजता था। लेकिन 1943 में जब बंगाल का अकाल पड़ा उसके बाद से बराबर हिन्दुस्तान में अनाज की कमी पड़ती रही और यह कमी कब तक पड़ती रही? 1975 में 2 लाख पचास हजार टन अनाज अकेले कैनाडा से मंगाना पड़ा था। मेरे मित्र यह देख लें जो खुद ही अपनी पीठ थपथपाते हैं कि हम ने बड़ी तरक्की की। 1975 में 2 लाख 50 हजार टन खाद्यान्न कैनाडा से मंगाना पड़ा था।

श्री बसंत साठे (अकोला) : 1925 में आबादी कितनी थी?

श्री रामधारी शास्त्री : वह आप पढ़ लीजिएगा।

यही नहीं, पब्लिक सेक्टर के बारे में हमारे ये मित्र राज कहते हैं कि पब्लिक सेक्टर से यह सरकार पीछे हट रही है। उस की क्या कैफियत थी वह भी देख लीजिए। आप ने जितना खर्च किया पहली योजना पर उस का 37 प्रतिशत कृषि पर खर्च किया लेकिन उस के बाद दूसरी योजना में घट कर के वह 17.3 हो गया। उस के बाद फिर कभी वह 23.4 प्रतिशत से कृषि पर खर्च बढ़ा नहीं है किसी भी योजना में। सारा हिसाब लगाएं तो यह होगा कि कांग्रेस के राज में 22 प्रतिशत से ज्यादा टोटल खर्च कृषि पर कभी हुआ नहीं। जिस का यह नतीजा है कि 1974-75 तक जहां उद्योग का विकास 12 परसेन्ट हुआ, वहां खेती का विकास केवल 3 परसेन्ट हुआ। यह है—सारे गांव और शहरों का लेखा-जोखा। इस लिये मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि यह ठीक है—आप ने आंकड़े दे दिये, जिससे लगता है कि 40.29 प्रतिशत खेती पर खर्चा होता है, लेकिन अगर उस को बारीकी से देखेंगे तो केवल 1754 करोड़ रुपये का सीधे कृषि के लिये

[श्री राम धारी शास्त्री]

प्रावधान किया गया है, जो कि मौजूदा बजट का केवल 11 प्रतिशत होता है। इस प्रकार से जनता सरकार की जो दिशा है—वह भी शहरों की ओर है, गावो की ओर नही है।

जहा तक बिजली का सम्बन्ध है—हमें 14 प्रतिशत बिजली सिंचाई के लिये मिलती हैं। 1970–71 में खेती के लिये जो बिजली मिलती थी, वह 15.78 पैसे प्रति यूनिट की दर से मिलती थी, जब कि उद्योगो को 10 पैसे प्रति यूनिट पर मिलती थी। 1972–73 में उद्योगो को प्रति यूनिट बिजली साढे-ग्यारह पैसे मे मिलती थी और खेती के लिये 26 47 पैसे प्रति यूनिट पर मिलती थी। इसी प्रकार से 1975 का भी हाल है—जब 14 पैसे प्रति यूनिट उद्योगो को मिलती थी, खेती के लिये 30 पैसे प्रति यूनिट मिलती थी। यही नही, हमारे लिय मजबूरी है, चाहे टयूब वेल चलायें या न चलायें, लेकिन प्रति हार्स-पावर 18 रुपये के हिसाब से 180 रुपये देने ही पडेंग। इस में कमी की काई गुजाइश नही है, चाहे एक घन्टा चलाये या दो घटे चलायें। मेरे कहने का मतलब यह है कि काग्रेस सरकार ने जो तरीका अख्तियार कर रखा था, शहरो का खिलान के लिये गावो का आधार बना रखा था, वही तरीका आज भी बना हुआ है। जिस प्रकार से अग्रेजो के जमाने में रईसो के शिकार के लिये कुछ जगल रहते थे, उसी तरह से आज भी यह समझ रखा है—शहरो के शिकार के लिये उन के ऐश-आराम के लिये गाव बने हुए हैं। मैं यह कहना चाहता हू कि अगर यही रवया बना रहा, ता गाव अपना धैर्य खो बठेंगे।

इसी तरह से आप हशिक्षा की हालत देखिये —गाव में साक्षरता 24 प्रतिशत है, जब कि शहरो मैं 53 प्रतिशत है। अगर किताबो का हिसाब सही है तो जितने आइ०सी०एस० अफसर बने हैं, उन में 15 प्रतिशत गाव के रहने वाले हैं और 85 प्रतिशत शहरों के रहने वाले हैं।

इन के अलावा जो ठाठ-बाट की जिन्दगी गुजारने वाले हैं और ऊचे पदों पर है—उन में 20 प्रतिशत गांवो के हैं और 80 प्रतिशत शहरों के हैं। यह है—गांव और शहरो का हिसाब, जो काग्रेस की सरकार ने अब तक हमारे साथ सुलूक किया है।

अभी आप ने गेहू का भाव तय किया। इस सम्बन्ध मे एक कृषि मूल्य आयोग बना हुआ है। मुझे पता नही उस में बेहोश लोग है या बा-होश लोग है और उन का बुद्धि से कोई ताल्लुक नही। माननीय मंत्री जी ने एक कान्फ्रेस बुलाई थी, जिस मे हरियाणा के मुख्य मत्री ने कहा कि 125 रुपया क्विंटल गहू का दाम होना चाहिये, उत्तर प्रदेश के मुख्य मत्री ने कहा कि 125 रुपये होना चाहिये, पजाब के मुख्य मत्री ने कहा कि 125 रुपये होना चाहिये, मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्य मत्रिया ने कहा कि 120 रुपये होना चाहिये पत नगर यूनिवर्सिटी ने जो आकडे दिये है, उन के अनुसार एक क्विंटल गेहू पर 111 रुपये की लागत आती है—अगर इसी को हम मान ले तो किसान जो कर्जा लेता है, उस पर 15 परसेन्ट का सूद देना पडता है, कम से कम इस सिद्धान्त के आधार पर अगर पैरिटी-प्राइस न भी दे सकें, तो भी 15 परसेन्ट का मार्जिन तो मिलना ही चाहिये, ताकि किसान अपनी अगली फसल की तैयारी कर सके, लेकिन अफसोस यह है कि आप ने 112–50 रु क्विंटल गेहु का भाव तय कर किसानो की जिन्दगी के साथ खिलवाड किया। अगर गाव का आदमी मर भी जाय, तो उस को कौन पूछता है, न वहा टेलीविजन जा सकता है, न अखबारो की दृष्टि जा सकती है और न वहां पर पहुचने के लिये सडकें ही है। कन्सेशन देना हुआ तो किस को दिया ? रेफ्रीजरेटर को दिया, एअर

कन्डीशनर लगाना हो तो उस पर टैक्स नहीं लगेगा, लेकिन खेती के नाम पर जीतने वाली जनता सरकार ने कभी नहीं सोचा कि छोटे-छोटे ट्रैक्टर्स बनाये जायें, कृषि के औजारों पर छूट दी जाय, बिजली और पानी पर छूट दी जाय, ताकि किसान अपनी खेती को विकसित कर सके।

इस लिये मैं कहना चाहता हूं—अगर खेती को विकसित करना चाहते हैं तो आप को बिजली, पानी और खाद को लागत मूल्य पर देने का एलान करना चाहिये। मैं मुक्त नहीं मांगता हूं, किसान भीख नहीं मांगता है, खेती को विकसित करने के लिये लागत मूल्य पर दिये जाने की मांग करता हूं।

आज देश में गन्ने की जो हालत हुई है—इस सरकार का सब से बड़ा दिवालियापन शायद यह है कि आज गन्ना जलाया जा रहा है। तीन रुपये क्विंटल में भी कोई लेने के लिये तैयार नही है और यह गलती सरकार की है। एक्साइज डयूटी की छूट ही घोषणा अक्तूबर में की जानी चाहिये थी, लेकिन नवम्बर में की गई, जिस का परिणाम यह हुआ कि मिल दिसम्बर में चालू हो सकीं। खाण्डसारी में छूट की घोषणा तब हुई जब दो महीने तक कारखाने बन्द रहे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हमारे यहां केवल 15 प्रतिशत गन्ना ज्यादा था, यदि सरकार की कार्यवाही समय से हो जाती तो इस को खपाया जा सकता था, लेकिन आज लाखों मन गन्ना जलाया जा रहा है। यदि यह सरकार जनता की सरकार है, किसानों की सरकार है तो जिस तरह से मिलों को मुआवजा देती है, उसी तरह से किसानों को भी जो दाम तय कर रखा है, उस दाम पर मुआवजा दे। अफसोस इस बात का है कि आज कृषि के क्षेत्र में इंशोरेंस की व्यवस्था भी नही है। हर क्षेत्र में इंशोरेंस की व्यवस्था है, स्कूटर का इंशोरेंस होता है, हर चीज का इंशोरेंस होता है, लेकिन किसान की अरबों की फसल बरबाद हो जाय, उस के इंशोरेंस की व्यवस्था नहीं है। श्री बंका में इंशोरेंस की व्यवस्था है, हमारे यहां व्यवस्था नहीं है। मैं चाहता हूं कि सरकार "पैरिटी प्राइस" की व्यवस्था करे, लागत मूल्य पर किसान को चीजें दी जायं, किसानों के प्रतिनिधि मूल्य-आयोग में रखे जायें और कृषि में लगनेवाली वस्तुओं के दाम—जो बढ़ रहे हैं, जैसे बिजली, पानी और खाद लागत मूल्य पर दें—तब कृषि चलेगी, तब यह देश चलेगा। अगर कृषि नहीं चलेगी तो देश भी नहीं चलेगा, उद्योग भी नहीं चलेगा। आज मैं चेतावनी देना चाहता हूं—अगर मजदूर हड़ताल कर सकते हैं और आप उन्हें बोनस देंगे, तो फिर किसान भी अपनी फसल जलाने पर मजबूर हो जायेगा, क्योंकि उसे अच्छा दाम नहीं मिलेगा, तो वह खेती क्यों करेगा।

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad): Mr. Speaker, Sir, at the very outset. I congratulate Shri Barnala for having taken right steps at the right time. Had he not increased the levy price for sugar by Rs. 15 a bag and Rs. 18 a bag to the sugar mill owners, the whole sugar industry would have been destroyed by this time. He has also offered khandsari mills concession in the matter of excise duty. So, the factories are in a position to purchase more cane. I would, therefore, say that the Minister should insist on all the factories that they should crush to the last stick of sugarcane that is standing in the field. If more concessions are required, I would request him to give them. because the cane has already grown and it is standing in the field. There is no distress sale. He should punish all those guilty industrialists who are trying to dupe the cultivators.

The jaggery prices have come down. He has made several statements that the FCI is going to purchase some jaggery. But in several places they have not opened the depots to purchase jaggery. In my own place, Nizamabad, jaggery is being sold at Rs. 60 per quintal. The minimum

[Shri M. Ram Gopal Reddy]

price should be Rs. 80 so that they may grow more sugarcane next year also. If the cane grower are not helped this year, they will not grow sugarcane and there will be a sugar famine in two or three years time. This is the experience of all previous years. The area under sugarcane should not be allowed to be reduced. Previously there used to be shortage of sugar every alternate year only because of the reduction in the area under cultivation of sugarcane.

Now that sugar stocks have been built up, I request him to export a minimum of 15 lakh tonnes of sugar. Even if Government has to incur some loss, of say Rs. 30 or Rs. 50 crores. it is worth it and it must be done. Previously also, Government exported sugar and suffered a loss, but the days are coming very shortly when by sugar exports we will be able to earn over Rs. 500 crores. However, though the Ministry has taken a decision to export five or six lakh tonnes of sugar, not much of it has moved out of the country. So, it should be started immediately. The STC must be given full authority to export sugar, irrespective of the price.

The rates for transport and other things for the FCI were fixed in 1965 and so far they have not been changed. This must be looked into.

Turmeric must be exported. In fact, all the agricultural commodities which are in excess in the country must be exported, so that the kisan may grow them in larger quantities.

Since my time is over, I shall not go into other things. I shall write a detailed letter to the hon. Minister and I request him to look into it.

चौधरी बलबीर सिंह (होशियारपुर) : मैं बरनाला साहब को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने अपनी तवज्जह थोड़ी इधर दी है और सरकार की पालीसी को शहरों से देहातों की तरफ मोड़ने की कोशिश की है। वैसे तो उन्होंने कहा है कि 40 प्रतिशत एग्रीकल्चर पर खर्च होगा, लेकिन उस में थोड़ी हेरा-फेरी है वह 40 प्रतिशत नहीं है, कुछ और आंकड़े शामिल कर के 40 परसेन्ट बनाने की कोशिश की है लेकिन सब से बड़ी बात जिस के लिए मैं बरनाला साहब को मुबारकबाद देना चाहता हूं वह थीन डैम के लिए है। 100 करोड़ रुपया पाकिस्तान को पानी का दिया था और रावी के पानी को हिन्दुस्तान को इस्तेमाल करना था। पैसा हम ने पाकिस्तान को दे दिया था लेकिन 13, 14 साल से सरकार फ़ैसला नहीं कर पाई थी कि किस ढंग से इस पानी को तकसीम किया जाए। मैं बरनाला साहब को मुबारकबाद देता हूं कि एक साल के अन्दर अन्दर इन्होंने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और राजस्थान में फैसला करवा कर थीन डम को बनाना शुरू कर दिया। इस के लिए सिर्फ 5 करोड़ रुपये इस साल रखे हैं जोकि मैं समझता हूं कि बहुत थोड़ा पैसा हैं। इस पैसे को और ज्यादा बढ़ाना चाहिए जिस से थीन डैम का काम जोरों से चलना शुरू हो जाए। अगर यह जल्दी बनना शुरू हो जाएगा, तो पानी को हम रोक सकेंगे और उस से बिजली भी ज्यादा पैदा हो सकेगी। दूसरी बात यह है कि ब्यास लिंक प्रोजेक्ट भी खत्म हो गया है और उसके मुकाम्मिल होने से वहां के लोग बेकार हो गये हैं। उस सारी की सारी लेबर को थीन डैम पर लगाया जा सकेगा। इस के अलावा जो लेबर भाखड़ा डैम में लगी हुई थी, वह भी रिट्रैंच हो रही है और हम ने उस से वायदा किया था कि हम तुम को रिट्रैंच नहीं होने देंगे। अगर थीन डैम का काम और तेजी से शुरू करें तो जितनी भी लेबर ब्यास लिंक प्रोजेक्ट से रिट्रैन्च हो रही है, वह वहां पर खपाई जा सकती है। वहां से हमें न सिर्फ पानी मिलेगा बल्कि बिजली भी ज्यादा मिलनी शुरू हो जाएगी और पिछले 30 सालों में जो भीख मांग कर हम अनाज मंगाते रहे हैं, हम दुनिया को अनाज देना शुरू कर देंगे। दुनिया को अनाज देने

